सत्यमेव जयते

# षोडश

# बिहार विधान-सभा

## द्वितीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 09 चैत्र, 1938 (श0) / 29 मार्च, 2016 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 196**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | शिक्षा विभाग | – | – | 123 |
| (2) | अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग | – | – | 05 |
| (3) | खान एवं भूतत्व विभाग | – | – | 05 |
| (4) | कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | – | – | 21 |
| (5) | समाज कल्याण विभाग | – | – | 15 |
| (6) | परिवहन विभाग | – | – | 06 |
| (7) | पर्यावरण एवं वन विभाग | – | – | 08 |
| (8) | विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | – | – | 08 |
| (9) | पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण विभाग | – | – | 01 |
| (10) | निबंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग | – | – | 04 |
| | | | कुल योग — | 196 |

### कार्रवाई करना

'क'-*518. श्री श्याम रजक--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 31 जनवरी, 2016 को प्रकाशित शीर्षक ''मातृत्व सहयोग योजना से 1.05 लाख महिलायें वंचित'' के आलोक में क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 और 2014-15 में राज्य की 1.05 लाख गर्भवती महिलायें मातृत्व सहयोग की राशि से वंचित रह गई हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 एवं 2014-15 में मातृत्व सहयोग की 14 करोड़ रुपये केन्द्र सरकार को सरेंडर करना पड़ा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि चालू वित्तीय वर्ष की पहली किस्त के 7.20 करोड़ रुपये का मात्र 30 प्रतिशत राशि ही अबतक खर्च की जा सकी है ;

(4) क्या यह बात सही है कि चालू वित्तीय वर्ष में मातृत्व सहयोग की दूसरी किस्त 8.50 करोड़ रुपये केन्द्र सरकार ने रोकने का संकेत दिया है ;

(5) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पहली किस्त की आवंटित राशि खर्च नहीं करने एवं विलम्ब करने वाले दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

--------

### यात्रियों को सुविधा देना

'ख'-*1620. श्री अरुण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना के पाटलीपुत्र जंक्शन पर बेली रोड से आने हेतु यात्रियों को सवारी रिजर्व कर पहुँचना ही एकमात्र विकल्प है, जिसके कारण चालकों द्वारा मनमाना किराया वसूला जा रहा है एवं यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार इस मार्ग पर यात्रियों की असुविधा को दूर करने के लिये कौन-सा कदम उठाने का विचार रखती है ?

--------

### कॉलेज खोलना

*2027. श्री आनन्द शंकर सिंह--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत औरंगाबाद प्रखंड मुख्यालय में 20,000 स्टूडेन्ट रहने के बावजूद कोई भी पोलिटेक्निक कॉलेज नहीं है, जिससे उक्त प्रखंड के छात्र/छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार औरंगाबाद प्रखंड मुख्यालय में सरकारी पोलिटेक्निक कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### नियुक्ति कराना

*2028. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने वर्ष 2010 में शिक्षा अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्रत्येक 30 बच्चों पर एक शिक्षक नियुक्त करने का निर्णय लिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखंडान्तर्गत उच्च विद्यालय, जितवारपुर एवं मध्य विद्यालय, नाजीरपुर में क्रमशः लगभग 150 एवं 200 उर्दू पढ़ने वाले छात्र/छात्रायें हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-दिनांक 15 मार्च, 2016 को सदन द्वारा स्थगित ।

'ख'-दिनांक 17 मार्च, 2016 को सदन द्वारा स्थगित तथा परिवहन विभाग को स्थानांतरित ।

पुनरीक्षण कराना

*2029. श्री [illegible]—क्या मंत्री, [illegible] विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वित्त विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक 5153, दिनांक 21 मई, 2013 द्वारा प्रवेश वेतनमान पी०बी० 2 + ग्रेड पे 4,800 रु० में नियुक्त पदाधिकारी को चार वर्षों की सेवा पूरी करने के उपरांत स्वतः पी०बी० 3 + ग्रेड पे 5,400 रु० में उत्क्रमण प्राप्त होने और एक [illegible] माने जाने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार [illegible] सेवा में प्रवेश वेतनमान पी०बी० 2 + ग्रेड पे 4,800 रु० में नियुक्त श्री [illegible] कुमार सम्प्रति निदेशक, डी०आर०डी०ए०, [illegible] ग्रामीण विकास विभाग को अभी पी०बी० 2 + ग्रेड पे 4,800 रु० में ही वेतनभुगतान किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वित्त विभाग का उपर्युक्त पत्रांक 5153, दिनांक 21 मई, 2013 का अनुपालन करते हुए श्री [illegible] को पी०बी० 3 + ग्रेड पे 5,400 रु० में वेतन भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चालू कराना

*2030. श्रीमती [illegible]—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि [illegible] जिला [illegible] प्रखंड अन्तर्गत कुल 165 आँगनबाड़ी केन्द्र हैं जिसमें 140 बंद पड़े हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि इसकी शिकायत प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा तीन माह पूर्व दूरभाष पर जिला पदाधिकारी को दी थी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बंद पड़े आँगनबाड़ी केन्द्रों को चालू कराने का विचार रखती है ?

---

व्यवस्था कराना

*2031. श्री अशोक कुमार—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना शहर के सड़कों के किनारे जो भी पेड़ पौधे लगे हैं के जड़ को कंकरीट से ढक दिये जाने की वजह से हरे-भरे पेड़-पौधे सूखने लगे हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में शहर को और हरा-भरा रखने के लिये समुचित व्यवस्था कराने का विचार रखती है ?

---

निर्माण कराना

*2032. श्री विद्यासागर केशरी—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज में ऑडिटोरियम नहीं है, जिसके कारण कला, संस्कृति से जुड़े छात्र-छात्रा व कलाकार को अपनी कला को प्रस्तुत करने में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर ऑडिटोरियम निर्माण कराने का विचार रखती है ?

**प्रभारी मंत्री**—स्वीकारात्मक है। फारबिसगंज में विभाग का कोई ऑडिटोरियम नहीं है।

प्रत्येक जिला के जिला मुख्यालय में एक जिला प्रेक्षागृह-सह-आर्ट गैलरी निर्माण की योजना प्रक्रियाधीन है, जिसके तहत भू-खंड की उपलब्धता के आधार पर कार्य कराया जाना है।

अररिया जिला सहित कुल 8 जिला मुख्यालय में जिला प्रेक्षागृह-सह-आर्ट गैलरी निर्माण हेतु जिला पदाधिकारी से भूमि की उपलब्धता के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसका योजना प्राधिकृत समिति से अनुमोदन हेतु कार्रवाई की जा रही है।

अनुमंडल स्तर पर ऑडिटोरियम निर्माण की कोई योजना प्रस्तावित नहीं है।

निर्माण कराना

*2033. श्री [illegible] शरण [illegible]–क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रत्येक प्रखण्ड में स्टेडियम निर्माण कराने का प्रावधान है, यदि हाँ, तो पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा-1 और बगहा-2 प्रखण्डों में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नियुक्ति करना

*2034. श्री [illegible] सिंह यादव–क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी कर्मचारी के सेवाकाल की अवधि में मृत्यु होने पर उनके आश्रित की नियुक्ति का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुसारी खातुन आंगनबाड़ी सेविका केन्द्र, कलमुआ [illegible], पंचायत-कलमुआ, अंचल-[illegible] फतेहपुर, जिला-[illegible] की मृत्यु दिनांक 14 सितम्बर, 2015 को सड़क दुर्घटना में हो गयी जो अपने परिवार का भरण-पोषण का एकमात्र सहारा थी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्वर्गीय महिला के लड़के को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

---

नियमित करना

*2035. डॉ० [illegible] यादव–क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार शिक्षा परियोजना के सर्व शिक्षा अभियान अन्तर्गत प्रखंड स्तर पर सम्पूर्ण बिहार में दृष्टि निःशक्तता, श्रवण निःशक्तता एवं मानसिक मंदबुद्धि बच्चों को पढ़ाने एवं प्रशिक्षण का कार्य 1,350 संसाधन शिक्षक कर्मी के द्वारा किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सभी संसाधन शिक्षक पूर्ण रूप से प्रशिक्षित एवं भारत सरकार के भारतीय पुनर्वास से रजिस्टर्ड हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो जिस प्रकार विभिन्न प्रकार के अनुबंधकर्मियों का स्थायी करने की घोषणा सरकार द्वारा की गई है, उसी प्रकार 1,350 संसाधन शिक्षकों को नियमित करने पर सरकार विचार करना चाहती है, हाँ, तो कबतक ?

---

प्रभार देना

*2036. डॉ० शकील अहमद खाँ–क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों में से उच्चतर माध्यमिक शिक्षक वरीय स्नातक शिक्षक होते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालयों में माध्यमिक शिक्षकों को प्रधानाध्यापकों के रिक्त पद पर प्रभार दिया गया है, लेकिन उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों को उक्त प्रभार से वंचित किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों को +2 उच्च विद्यालयों में प्रभार देने का विचार रखती है, हाँ, तो फलतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*2037. श्री रमेश ऋषिदेव—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखंड प्रखंड के देवनारायण उच्च विद्यालय, रानीपट्टी, सुखासन का चहारदीवारी नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय का चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

स्थापना करना

*2038. श्री ललन पासवान—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के रामपुर, भगवानपुर, अधौरा, चैनपुर, चाँद प्रखंडों में पठन-पाठन के लिये विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय नहीं है, जिससे यहाँ के छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के शिक्षा से वंचित रह जाते हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार छात्र-छात्राओं के हित में इन प्रखंडों में महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय का स्थापना करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

निर्माण कराना

*2039. श्री उमेश सिंह कुशवाहा—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महुआ प्रखण्ड में रामअवतार सहाय +2 विद्यालय, कन्हौली में वर्ष 1988-89 में अनुसूचित जाति के छात्रावास के लिये 3,200 वर्ग फीट में दस कमरा बना था, लेकिन घटिया निर्माण के चलते कुछ ही दिनों में निर्माणाधीन छात्रावास टूटकर गिरने लगा जिसके चलते अभिकर्त्ता स्कूल प्रशासन को छात्रावास सुपुर्द नहीं कर सका ;

(2) क्या यह बात सही है कि रामअवतार सहाय +2 विद्यालय में 10वीं क्लास में छात्र की संख्या 725 एवं छात्रा की 624 तथा नौवीं क्लास में छात्र की संख्या 855 एवं छात्रा की 720, फलतः विद्यालय की क्षमता से छात्र/छात्रा की संख्या कई गुणा अधिक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्माणाधीन एवं टूटकर गिरते छात्रावास को तोड़कर उसपर नया स्कूल का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

कार्रवाई करना

*2040. श्री भाई वीरेन्द्र—दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 2 जनवरी, 2016 को प्रकाशित शीर्षक "स्कूल रोते पैसे का रोना" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में शिक्षा का अधिकार कानून वर्ष 2011 में लागू किये जाने के बावजूद भी लोयला, संत जोसफ, संत करेंस, शिवम् पब्लिक स्कूल, संत माइकल, संत पॉल्स हाई स्कूल, डी०ए०वी०, डी०पी०एस०, संत जेवियर, डॉन बास्को, बी०डी० पब्लिक स्कूल, माउण्ट कार्मेल सहित राज्य के अन्य तमाम बड़े निजी स्कूलों द्वारा कानून की अवहेलना करते हुये गरीब, होनहार एवं मेधावी गरीब बच्चों का नामांकन प्रबंधन द्वारा नहीं लिया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कानून को सख्ती से लागू कराते हुये नामांकन नहीं लेने वाले स्कूल प्रबंधनों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी एवं गेट लगवाना

*2041. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के योगापट्टी प्रखंड अन्तर्गत डुमरी गाँव में आवासीय कस्तूरबा गाँधी अनुसूचित जाति विद्यालय चलता है, जिसकी जमीन स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमित किया जा रहा है एवं चहारदीवारी के अभाव में बच्चियाँ असुरक्षित हैं और आये दिन सामानों की चोरी भी होती रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस विद्यालय को सुरक्षित करने के लिये स्कूल की पूरी जमीन का चहारदीवारी कराने और गेट लगवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थानांतरण कराना

*2042. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के विकास कुमार सिंह, शिक्षक, म०वि०, नकटा, परमोद कुमार (प्रखंड कार्यालय), अजय ठाकुर (प्रखंड कार्यालय), जितेन्द्र कुमार (प्रखंड कार्यालय) सहित 25 शिक्षक प्रखंड में प्रतिनियुक्ति पर हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त शिक्षकों को सरकार के निर्णय के बाद भी अभीतक प्रतिनियुक्ति पर रखा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त शिक्षकों को उनके मूल विद्यालयों में स्थानांतरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

डिग्री कॉलेज खुलवाना

*2043. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत सिर्फ चार डिग्री कॉलेज हैं, किन्तु छात्रों की संख्या ज्यादा होने तथा दूरी की समस्या के चलते लड़कियाँ आगे की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाती हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के योगापट्टी प्रखंड अन्तर्गत श्री बैद्यनाथ प्र० उच्च इंटर महाविद्यालय जिसमें लगभग एक सौ एकड़ जमीन है, उसमें डिग्री कॉलेज खुलवाने से छात्राएँ अपना अध्ययन पूरा कर सकती हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार छात्राओं की पढ़ाई के लिये श्री बैद्यनाथ प्र० उच्च इंटर महाविद्यालय में डिग्री कॉलेज खुलवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

---

निबंधन कार्यालय खोलना

*2044. श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी--क्या मंत्री, निबंधन, उत्पाद एवं निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सिकन्दरा प्रखंड में निबंधन कार्यालय नहीं होने के कारण इस प्रखंड के आम जनता को जमीन रजिस्ट्री कराने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सिकन्दरा प्रखंड में निबंधन कार्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2045. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बड़हरा प्रखंड के [illegible], [illegible] पंचायत के उत्क्रमित विद्यालय में मात्र 7 शिक्षक की पदस्थापना है, जिसमें से दो ही शिक्षक विद्यालय आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उसी विद्यालय के शिक्षक श्री संजय कुमार सिंह, फर्जी नाम पर [illegible] का कार्य करते हैं, जिसके कारण विद्यालय का शिक्षण कार्य प्रभावित होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक स्वीकृत बल के अनुसार शिक्षकों का पदस्थापन करने एवं संजय कुमार सिंह शिक्षक पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*2046. श्री [illegible] प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के [illegible] प्रखंड के अन्तर्गत उ०वि० [illegible] एवं उच्च विद्यालय [illegible] स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण उक्त विद्यालय परिसर में जानवरों का जमावड़ा लगता है जिससे पठन-पाठन बाधित होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या उक्त विद्यालयों में चहारदीवारी का निर्माण करने का विचार रखती है ?

निर्माण करना

*2047. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी अनुमंडल मुख्यालय में पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन हेतु छात्रावास नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शेरघाटी अनुमंडल मुख्यालय में उक्त वर्ग के विद्यार्थियों के लिये छात्रावास निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुनिश्चित कराना

*2048. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत अमरपुर प्रखंड के [illegible] पंचायत के प्राथमिक विद्यालय [illegible] में दो कमरा है, जो चार वर्षों से जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत के मध्य विद्यालय, [illegible] का चार कमरा दो वर्ष पूर्व ध्वस्त हो गया है जिसके कारण छात्र-छात्राएँ खुले आसमान के नीचे पढ़ने को विवश हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उपर्युक्त दोनों विद्यालयों को नया भवन का निर्माण कर पठन-पाठन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चालू कराना

*2049. श्री राजेश कुमार—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया विधान-सभा क्षेत्र में 350 आँगनबाड़ी केन्द्र हैं जिसमें 315 बंद रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा तीन माह पूर्व जिला पदाधिकारी एवं डी0 पी0 ओ0 को दूरभाष पर जानकारी दी थी ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बंद पड़े आँगनबाड़ी केन्द्रों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्ति करना

*2050. श्री राजू तिवारी—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के अरेराज एवं पहाड़पुर प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित हाई स्कूल, सिसवा एवं मनरपुर में शिक्षक उपलब्ध नहीं रहने के कारण बच्चों के शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अरेराज एवं पहाड़पुर प्रखंड के उपर्युक्त उत्क्रमित हाई स्कूल में शिक्षकों को प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्राथमिक विद्यालय खोलना

*2051. श्री वशिष्ठ सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत करगहर प्रखंड में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नादो, बसंतपुर जो बसंतपुर गाँव में अवस्थित है एवं नादो, बसंतपुर गाँव से 3 कि0 मी0 दूरी पर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नादो गाँव की जनसंख्या एक हजार है एवं विद्यालय योग्य सरकारी भूमि 2 एकड़ 59 डिसमील है जिसका खाता सं0 82 एवं खेसरा नं0 11 है ;

(3) क्या यह बात सही है कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत एक कि0 मी0 की दूरी पर एक प्रा0 विद्यालय खोलने का प्रस्ताव है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ग्राम-नादो में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*2052. श्री नन्दकिशोर यादव—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला में पटना सिटी की आबादी बहुत घनी है, किन्तु यहाँ मिडिल मध्य विद्यालय, मंगलतालाब, मध्य विद्यालय, महाराज घाट एवं मध्य विद्यालय, काली स्थान को अभीतक उच्च विद्यालय में उत्क्रमित नहीं किया गया है जिस कारण छात्र-छात्राओं को शिक्षण हेतु दूर जाना पड़ता है तथा इस कारण गरीब छात्र-छात्राओं की पढ़ाई रूक जाती है, यदि हाँ, तो सरकार इन मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालयों में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*2053. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्णियाँ नगर निगम स्थित मधुबनी में मध्य विद्यालय, विष्णुगंज-1 में भवन का अभाव है एवं जिस भवन में छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन किया जा रहा है वह विगत 20 वर्षों से जर्जर है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त मध्य विद्यालय के जर्जर भवनों का जीर्णोद्धार करने के साथ अतिरिक्त भवनों का निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चयन करना

*2054. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सभी प्रखण्डों में मध्याह्न भोजन एवं पोषाहार उठाव तथा वितरण हेतु वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिये पूर्व संवेदकों का ही अवधि विस्तार किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कई संवेदकों का कार्य संतोषप्रद नहीं रहने के बावजूद भी नियमों के विरुद्ध उनका अवधि विस्तार किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कार्य में लगे पूर्व संवेदकों का अवधि विस्तार रद्द करते हुये निर्धारित मान-दंड के अनुरूप संवेदकों का चयन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पूरा करना

*2055. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बेलहर प्रखंड के राजपुर ग्राम के खेल मैदान सहित अन्य खेल मैदानों का समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा उक्त कार्य को जैसे-तैसे खत्म करके भुगतान की प्राप्ति की जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त खेल मैदान के समतलीकरण का कार्य मानक के अनुसार पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन निर्माण

*2056. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्डान्तर्गत उच्च विद्यालय, भरसीनो में पठन-पाठन हेतु मात्र 2 कमरा है जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे शिक्षण कार्य बाधित होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*2057. <u>श्रीमती समता देवी</u>—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बाराचट्टी प्रखण्ड के ग्राम-पतलू में उत्क्रमित उच्च विद्यालय में भवन नहीं है जिससे छात्रों को पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में अतिरिक्त भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*2058. <u>श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव</u>--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत मीनापुर प्रखण्ड में +2 स्तरीय राम किशोर उच्च विद्यालय, छपरा का भवन अत्यन्त ही जर्जर है और मात्र एक ही कमरा सही सलामत है, जबकि छात्र-छात्राओं की संख्या 1500 है तथा यथोचित कमरों के अभाव में पढ़ाई बाधित हो रही है;

(2) क्या यह बात सही उक्त विद्यालय की जमीन का अतिक्रमण स्थानीय जनता द्वारा होने से भी उस विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन कार्य में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक वर्णित विद्यालय के भवन निर्माण के साथ चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*2059. <u>श्री ललन पासवान</u>--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत चेनारी प्रखण्ड के चेनारी में वर्ष 2007 में गंगोत्री बालिका उच्च विद्यालय, चेनारी के भवन निर्माण हेतु 56 लाख रुपये राज्य सरकार द्वारा आवंटित कराये गये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उच्च विद्यालय में प्रयोगशाला आदि के लिये कमरों का अभाव है, जिसकी वजह से छात्राओं को शिक्षा प्राप्ति में घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्ष 2007 में आवंटित 56 लाख राशि से आजतक विद्यालय भवन का निर्माण नहीं कराये जाने के लिये दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुये छात्राओं के हित में कबतक विद्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

निर्माण का विचार

*2060. <u>श्री सूबेदार दास</u>--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के मखदुमपुर प्रखण्ड के अलाहगंज पंचायत के प्रभात नगर हाई स्कूल का भवन जर्जर है तथा शौचालय एवं चहारदीवारी नहीं है जिससे असामाजिक तत्वों द्वारा कम्प्यूटर एवं अन्य सामग्रियों की चोरी होती रहती है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में काफी असुविधा होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त विद्यालयों के भवन का जीर्णोद्धार के साथ चहारदीवारी एवं शौचालय निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पूरा करना

*2061. श्री दिनेश चन्द्र यादव—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, महिषी में चार कमरे का नया भवन एवं सटे पाँच कमरों का निर्माण वर्ष 2008 से किया जा रहा है जो अबतक पूरा नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कन्या उच्च विद्यालय में एक भी शौचालय एवं चहारदीवारी नहीं रहने से छात्राओं को काफी असुविधा होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय में अधूरे भवन, शौचालय एवं चहारदीवारी का निर्माण कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*2062. श्री विद्यासागर केशरी—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखण्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालय, जोगबनी में चहारदीवारी नहीं रहने से उक्त विद्यालय जमीन का अतिक्रमण हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय की चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कॉलेज खोलना

*2063. श्री प्रभुनाथ प्रसाद—क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत प्रखण्ड अगिआँव में एक भी इंजीनियरिंग कॉलेज एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज नहीं है, जिससे यहाँ के छात्रों को अन्य राज्यों में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने जाना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक अगिआँव प्रखण्ड में इंजीनियरिंग कॉलेज/पॉलिटेक्निक कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2064. मो० नेमतुल्लाह—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत टंकुप्पा अंचल में मध्य विद्यालय, पुनौल सन् 1967 से एक प्रस्वीकृत मध्य विद्यालय है;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित विद्यालय को शिक्षा विभाग द्वारा 1967 से 1982 तक अनुदान की राशि लगातार दी जाती रही है;

(3) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित विद्यालय के अनुदान की राशि को रोक रखा गया है, फलतः इस विद्यालय के कुल दस शिक्षक एवं आदेशपाल को अबतक सेवान्त लाभ नहीं मिल रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वर्णित तथ्यों के आलोक में क्या कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दानकर्ता के नाम पर करना

*2065. श्री विजय कुमार 'विजय'—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्रखंड लदनियाँ के पंचायत सिधपा के ग्राम-धनजेया में प्राथमिक विद्यालय-धनजेया की स्वीकृति वर्ष 1988 में सरकार द्वारा दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1995 में उक्त प्राथमिक विद्यालय के नाम से 5 कट्ठा जमीन का दान सीताराम यादव द्वारा किया गया है तथा सरकार द्वारा वर्ष 2003 में उक्त प्रा०वि० का उत्क्रमण मध्य विद्यालय में किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी ने पत्रांक 153 एवं 154, दिनांक 10 जनवरी, 2011 के द्वारा निदेशक, प्राथमिक शिक्षा विभाग से प्रा०-सह-उत्क्रमित विद्यालय धनजेया एवं राजकीय मध्य विद्यालय सिधपा परसाही का नामकरण भूमि दानकर्ता के नाम पर करने हेतु निदेश माँगा है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों विद्यालयों का नामकरण भूमि दानकर्ता के नाम पर करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2066. श्री कृष्ण कुमार ऋषि—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के उच्च विद्यालय में प्रबंध समिति गठित है, जिसके अध्यक्ष स्थानीय विधायक होते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के बनमनखी प्रखंड के ठाकुर उच्च विद्यालय जानकी नगर, प्रा० वि० चोपड़ा रामनगर इत्यादि विद्यालय में प्रबंध समिति द्वारा बैठक नहीं कराया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्रबंध समिति की बैठक नहीं कराने वाले पदाधिकारी पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्राथमिक विद्यालय खोलना

*2067. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत गोरेया कोठी विधान-सभा के कर्णपुरा पंचायत के नवका टोला, लकड़ी नबीगंज प्रखंड के पंचायत जगतपुर तेवी राय टोला जगतपुर मुरिया टोला तथा भोपतपुर पंचायत के कोइर गाँव प्राथमिक विद्यालय नहीं होने के कारण वहाँ के छात्र-छात्राओं को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अनुज्ञप्ति राशि वापस करना

*2068. श्री रत्नेश सादा—क्या मंत्री, निबंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि शराब दुकान के अनुज्ञप्ति हेतु बंदोबस्ती में भाग लेने वाले उम्मीदवार जिसे अनुज्ञप्ति नहीं दिया जाता है उसको अग्रिम अनुज्ञप्ति राशि वापस करने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2015-16 में सहरसा जिलान्तर्गत समूह संख्या 35(1) कम्पोजिट मैना (बरेठा) एवं (2) कम्पोजिट महपुरा (झाड़ा) के दुकान बंदोबस्ती के प्रथम विजेता श्री पुरुषोत्तम कुमार से अग्रिम अनुज्ञप्ति राशि मो० 4,41,000 (चार लाख इकतालीस हजार) रुपये उत्पाद विभाग, सहरसा द्वारा जमा कराकर न तो अनुज्ञप्ति निर्गत किया गया और न ही अग्रिम अनुज्ञप्ति राशि वापस की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार श्री पुरुषोत्तम कुमार द्वारा जमा अग्रिम अनुज्ञप्ति राशि वापस करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### निर्माण कराना

*2069. श्री रामप्रीत पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के प्रखंड राजनगर के उ० वि० राजनगर में छात्रों की पढ़ाई सप्ताह में तीन दिन छात्रों के लिये और तीन दिन छात्राओं के लिये अलग-अलग होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में 2500 छात्र-छात्रा पढ़ते हैं तथा भवन के अभाव में छात्र-छात्राएँ केवल तीन दिन ही विद्यालय जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### उत्क्रमित करना

*2070. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्णियाँ प्रखंड पूरब स्थित राजकीय मध्य विद्यालय, मिल्की अवस्थित है किन्तु उक्त गाँव के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु 5 से 7 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर माध्यमिक विद्यालय में परिणत करने की योजना है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### उत्क्रमित करना

*2071. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर माध्यमिक विद्यालय (उच्च विद्यालय) में परिणत करने की योजना है;

(2) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंड में राजकीय मध्य विद्यालय, [illegible] एवं राजकीय बुनियादी, खरियारपुर अवस्थित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपर्युक्त दोनों मध्य विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### नियम सम्मत कार्य नहीं करना

*2072. श्री अशोक कुमार (208)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना विश्वविद्यालय के नोटिस मेमो संख्या ए०सी०एफ०डी०/911, दिनांक 28 अगस्त, 2014 में यह स्पष्ट किया गया है कि विद्यार्थियों का 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति पर प्रति दिन 50 रु० के दंड के आधार पर उन्हें परीक्षा देने की अनुमति है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना वीमेंस कॉलेज में 300 स्नातक के विद्यार्थियों को खंड (1) में वर्णित प्रावधान का लाभ न देते हुये दंडस्वरूप प्राचार्या ने उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो प्राचार्या, पटना विमेंस कॉलेज के द्वारा नियम सम्मत कार्य नहीं करते हुये 300 लड़कियों का एक साल बर्बाद करने का क्या औचित्य है ?

## निर्माण करना

*2073.श्री प्रभुनाथ प्रसाद-- क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगियाँव प्रखंड में कोई स्टेडियम नहीं है जहाँ राज्य स्तरीय टूर्नामेंट कराया जा सके, जिससे खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाने से वंचित रह जाते हैं, जबकि उक्त प्रखंड में स्टेडियम निर्माण हेतु सरकारी भूमि उपलब्ध है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त क्षेत्र में स्टेडियम का निर्माण सरकारी भूमि पर कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## व्यवस्था करना

*2074. श्री सैयद अबु दोजाना-- क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि परिवहन निगम के अन्तर्गत 10 वर्षों से पटना से दरभंगा के लिये बसों को चलाया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बसें पुपरी होकर ही दरभंगा के लिये आया-जाया करती है, परन्तु पुपरी में बसों का ठहराव नहीं किया गया है, जिसके कारण नागरिकों को आने-जाने में असुविधा हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर भी बसों के ठहराव की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## उत्क्रमित करना

*2075. डॉ० मो० जावेद-- क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के किशनगंज नगर परिषद् अन्तर्गत आजादी से लेकर आजतक तीन ही उच्च विद्यालय नेशनल उच्च वि० बालिका उच्च वि० एवं इंटर उच्च वि० अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उच्च विद्यालय की पढ़ाई के लिये नामांकन नहीं होने के कारण छात्र/छात्राओं को नामांकन के लिये या तो बाहर जाना पड़ता है या पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लाईन उर्दू म० वि०, म० वि० स्व० जगन्नाथ म० वि०, किशनगंज को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो, क्यों?

----------

## जीर्णोद्धार करना

*2076. श्रीमती लेशी सिंह-- क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला मुख्यालय में सुधांशु रंगशाला कला भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सुधांशु रंगशाला कला भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है ?

स्थापित करना

*2077. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय "पप्पू"— क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में एक भी अभियंत्रण महाविद्यालय नहीं है, जिससे स्थानीय छात्र एवं छात्राओं को अन्यत्र जाकर पढ़ाई करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार गोपालगंज में कबतक अभियंत्रण महाविद्यालय स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुनर्स्थापित करना

*2078. डॉ० सुरेन्द्र कुमार— क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई प्रखंड के जनाढ़ गाँव में उच्च विद्यालय, जनाढ़ अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान में स्थापित विद्यालय बागमती नदी के नये बाँध बनाने में नदी और बाँध के बीच आ गया है जिससे छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को किसी सरकारी भूमि पर उक्त गाँव में पुनर्स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

कार्रवाई करना

*2079. श्री अशोक कुमार सिंह— क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि श्रीमती सुमन कुमारी सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापिका, मध्य विद्यालय, महम्मदपुर, प्रखंड सिधवलिया, जिला गोपालगंज द्वारा वर्ष 2011 उपरान्त 30 नवम्बर, 2015 तक वी०एस०एस० (विद्यालय शिक्षा समिति) के 2 लाख की ब्याज की राशि बैंको से अवैध रूप से निकासी कर गबन कर ली गई है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार तत्कालीन प्रधानाध्यापिका के विरुद्ध जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

प्रारंभ करवाना

*2080. श्री यदुवंश कुमार यादव— क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला अन्तर्गत किसनपुर प्रखंड में शेखवाई मंडल प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय की स्थापना वर्ष 1984-85 में की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि माननीय राज्यपाल महोदय के नाम से 1 एकड़ 50 डि० जमीन उक्त विद्यालय के लिये 1985 में निबंधित की जा चुकी है जिसपर दो रूम मकान का निर्माण विभाग द्वारा कराया जा चुका है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में प्रबंध कमिटी द्वारा नियुक्त शिक्षकों द्वारा अप्रील, 2010 तक पठन-पाठन का कार्य चलाया जा रहा था;

(4) क्या यह बात सही है कि प्रबंध समिति द्वारा शिक्षकों की नियुक्ति 2010 में रद्द कर छात्राओं के पठन-पाठन कार्य उच्च विद्यालय किसनपुर में जोड़ दिया गया जिससे पठन-पाठन में भारी कठिनाई हो रही है;

(5) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय किसनपुर से अलग कर सरकार द्वारा निर्मित भवन में पठन-पाठन का कार्य पुनः प्रारंभ करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## उपलब्ध कराना

*2081. श्री मदन मोहन तिवारी—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत मझौलिया तथा बेतिया सदर प्रखंड के वृद्धा पेंशनधारियों को अप्रैल, 2015 से वृद्धा अवस्था पेंशन की राशि नहीं दी जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पेंशन भोगियों को पेंशन की राशि नहीं मिलने के कारण आर्थिक संकट हो गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पेंशन भोगियों को राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## प्रोन्नति देने के संबंध में

*2082. डॉ० रामानन्द यादव—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग के ज्ञापांक 3097, दिनांक 18 मार्च, 1985 के द्वारा शिक्षा अनुसचिवीय कर्मी के 75 प्रतिशत रिक्त लिपिक के पदों पर सीधा भर्ती प्रक्रिया से भरे जायेंगे एवं शेष 25 प्रतिशत लिपिक के पद पर योग्यताधारी एवं अर्हता प्राप्त चतुर्थवर्गीय कर्मियों के बीच से प्रोन्नति कर पद भरने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत पंद्रह वर्षों से क्षेत्रीय उप-शिक्षा निदेशक, पटना प्रमंडल, पटना के स्तर से किसी भी प्रमंडलीय संवर्ग के चतुर्थवर्गीय कर्मियों को लिपिक के पद पर प्रोन्नति का लाभ नहीं मिला है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार क्या चतुर्थवर्गीय कर्मियों को लिपिक पद पर प्रोन्नति देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## कला एवं संस्कृति केन्द्र खोलना

*2083. श्री राम विलास पासवान—क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव प्रखंड में कला एवं संस्कृति केन्द्र नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड में कला एवं संस्कृति केन्द्र नहीं होने से क्षेत्र के युवाओं को कला एवं संस्कृति संबंधी ज्ञान प्राप्त करने हेतु भागलपुर जाना पड़ता है, फलस्वरूप आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग इसका लाभ नहीं उठा पाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कहलगाँव प्रखंड में कला एवं संस्कृति केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## जाँच करवाना

*2084. डॉ० शमीम अहमद—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी प्रावधान के अनुसार किसी कर्मचारी को 3 वर्ष की सेवा पश्चात् अन्यत्र स्थानान्तरित किया जाना है;

(2) क्या यह बात सही है कि ईरफान अहमद, निजी सहायक, मदरसा बोर्ड में 2005 से संयुक्त सचिव, माध्यमिक शिक्षा के यहाँ पदस्थापित हैं तथा एक ही जगह पर विगत दस वर्षों से पदस्थापित होने के कारण इन्होंने कई अनियमिततायें की है जिसके संबंध में विगत एक वर्ष पूर्व में जनप्रतिनिधियों ने इनके विरुद्ध कई शिकायत की है, किन्तु इनके शिकायतों पर अभीतक कोई जाँच की कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ईरफान अहमद को अन्यत्र स्थानान्तरित करते हुये इन पर लगे आरोप की जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अनुमोदन प्रदान करना

*2085. श्री भाई वीरेन्द्र—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सी0पी0 शर्मा कॉलेज सिमरी, बिहटा, पटना में मगध विश्वविद्यालय, बोध गया के पत्रांक 173/GIIIB/14, दिनांक 10 मई, 2014 के आलोक में डॉ0 रमेश प्रसाद वर्मा को प्रधानाचार्य के पद पर अनुमोदन प्रदान किया गया था तथा पुनः विश्वविद्यालय के पत्रांक 319/GIIIB/14, दिनांक 16 सितम्बर, 2014 के द्वारा अनुमोदन को वापस ले लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि डॉ0 रमेश प्रसाद वर्मा को शासी निकाय की बैठक दिनांक 3 नवम्बर, 2014, 2 जनवरी, 2015, 9 अप्रील, 2015 एवं 26 मई, 2015 में प्रभारी प्राचार्य के पद पर नियुक्ति की गई थी, परन्तु वर्तमान समय तक विश्वविद्यालय के द्वारा अनुमोदन प्रदान नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक डॉ0 रमेश प्रसाद वर्मा को अनुमोदन प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच कराना

*2086. श्रीमती भागीरथी देवी—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला के गौनाहा प्रखण्ड में वर्ष 2014-15 में 34 सेविका और 27 सहायिका की नियुक्ति की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बहाली में महिला एवं बाल विकास पदाधिकारी, गौनाहा द्वारा काफी अनियमितता बरती गई है जिसकी सूचना प्रश्नकर्त्ता द्वारा अगस्त, 2015 में जिला पदाधिकारी, प0 चम्पारण को दी;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित नियुक्ति की जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

लाभ देना

*2087. श्री अचमित ऋषिदेव—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 में माध्यमिक स्तर पर निःशक्त बच्चों हेतु समावेशी शिक्षा (आई0ई0डी0एस0एस0) अन्तर्गत 14 से 18 आयु वर्ग के निःशक्त बच्चों के पहचान एवं मूल्यांकन की जाती है और चिह्नित बच्चों का 100 प्रतिशत नामांकन एवं ठहराव सुनिश्चित किया जाने का लक्ष्य है;

(2) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज एवं भरगामा प्रखंड के 14—18 आयु वर्ग के निःशक्त बच्चों को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रानीगंज तथा भरगामा प्रखंड के निःशक्त बच्चों को उक्त योजना का लाभ देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*2088. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत कुटुम्बा प्रखण्ड में प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, माली में चहारदीवारी नहीं है जिससे छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कार्य पूरा कराना

*2089. श्री राहुल तिवारी–क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के बिलौटी एवं लासाढ़ी उच्च विद्यालय का भवन अर्द्धनिर्मित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों उच्च विद्यालयों का भवन निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है ?

---

कार्रवाई करना

*2090. श्रीमती गायत्री देवी–क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि (एम०डी०एम०) मध्याह्न भोजन के लिये प्राथमिक स्तर के विद्यालयों को लगभग 20 से 40 हजार रुपये सामान्यतः आवंटित होता है जो सभी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के खाता में उसकी राशि जमा की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड के इन्दरवा उर्द्द उत्क्रमित मध्य विद्यालय के एम०डी०एम० खाते में वित्त विभाग कार्य में 10 माह के अंदर 35 लाख रुपये आवंटित हुआ जो खाता में जमा करने के बाद प्रधानाध्यापक एवं सचिव, विद्यालय शिक्षा समिति द्वारा निकासी कर राशि का गबन कर लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय के मध्याह्न भोजन की राशि गबन की जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

रद्द करना

*2091. श्री संजय सरावगी–क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार माईनर मिनरल कंसेशन (अमेंड) रूल्स 2014 के नियम 21ग के अन्तर्गत पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के बाद ही बालू आदि लघु खनिज का उत्खनन प्रारम्भ किया जा सकता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के मे० आदित्य़ा डी कं०, हनुमान कम्पलेक्स, नवादा सहित 20 बालू बन्दोबस्तधारियों ने बिना पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण-पत्र प्राप्त किये ही बालू का अवैध उत्खनन प्रारम्भ कर दिया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि नेशनल ग्रीन ट्रीब्यूनल ने 19 जनवरी, 2016 को बालू के उत्खनन पर रोक लगा दी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या इस अवैध उत्खनन को रोकने हेतु सरकार बन्दोबस्ती को रद्द करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सुदृढ़ करना

*2092. श्री यदुवंश कुमार यादव–क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के एकमात्र एल०एन०एम० महिला महाविद्यालय में पठन-पाठन एवं प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ नहीं है जिसका उल्लेख जिला पदाधिकारी, सुपौल के आदेश पर अनुमंडल पदाधिकारी, सुपौल द्वारा किये गये जाँच प्रतिवेदन के पत्रांक 439 गो०, दिनांक 6 अगस्त, 2014 में किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, सुपौल के पत्रांक 2292-2/गो०, दिनांक 5 सितम्बर, 2014 द्वारा कुलपति, भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा को उक्त महाविद्यालय में पठन-पाठन एवं प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु अनुरोध किये जाने के बावजूद इस संबंध में अबतक कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय में पठन-पाठन एवं प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पढ़ाई शुरू करवाना

*2093. श्री रामदेव राय—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगुसराय जिला के उच्च विद्यालय, नारेपुर, जवाहर ज्योति +2 उच्च विद्यालय, चकबा, मकिलौरी, उ०वि०, गर्भी, उ०वि०, औहियापुर, उ०वि०, दामोदपुर, उच्च विद्यालय, रहिया, उ०वि०, आगापुर, उ०वि०, नमना में अभीतक +2 की पढ़ाई शुरू नहीं की गई है, जबकि +2 की पढ़ाई के लिये वहाँ सभी संसाधन मौजूद हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार इसी चालू सत्र में वहाँ +2 की पढ़ाई शुरू करवाने का विचार रखती है ?

कार्रवाई करना

*2094. श्री राजेन्द्र कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में विज्ञापन निकालकर 215 में से 213 टोला सेवक को प्रशासनिक प्रक्रिया पूरा कर नियोजन कर ली गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सभी बहाल टोला सेवक से 6 माह सेवा कार्य कराने के उपरांत अवैध बताकर नियोजन रद्द कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नियोजन करने वाले तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी या अवैध बहाली बताकर नियोजन रद्द करने वाले पदाधिकारी पर जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*2095. श्री अशोक कुमार सिंह(203)—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के दुर्गावती प्रखण्ड में एक भी स्टेडियम नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड के कुसरी गाँव में खेल का मैदान उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कुसरी गाँव में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*2096. डॉ० सुनील कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के बिहारशरीफ शहर के राजकीय कन्या उच्च विद्यालय सोहसराय एवं परमेश्वरी देवी बालिका उच्च विद्यालय, मधुरिया मुहल्ला की चहारदीवारी जर्जर और क्षतिग्रस्त है जिसके कारण बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश होता रहता है तथा पठन-पाठन का कार्य अवरुद्ध है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त विद्यालय के चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अनुपालन नहीं करना

*2097. श्री प्रमोद कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, वैशाली एवं कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली ने अपने पत्रांक 6005, दिनांक 21 नवम्बर, 2015 के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, महुआ को पत्र लिखा है जिसमें श्रीमती गरिमा देवी, प्रखंड शिक्षिका उत्क्रमित हुसैनीपुर, महुआ के द्वारा एक ही समय में दिनांक 27 फरवरी, 2013 से 5 मार्च, 2013 तक बिहार इंटरमीडिएट शिक्षा परिषद् द्वारा आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होकर उत्तीर्णता प्राप्त करने तथा उक्त अवधि में नियमित रूप से प्रातः 10.00 बजे से 4.00 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहने के आरोप में शिक्षिका के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का निदेश दिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित तथ्यों के द्वारा श्रीमती गरिमा देवी शिक्षिका के द्वारा विभाग को गुमराह करके सरकारी राशि का अनैतिक ढंग से लाभ लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो प्रखंड विकास पदाधिकारी, महुआ के द्वारा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, वैशाली एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली के निदेश का अनुपालन नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

भुगतान कराना

*2098. श्री अनिल कुमार यादव—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य पथ परिवहन निगम, पटना के सन् 2001 में सेवानिवृत्त चालकों को पंचम वेतन की बकाया अंतर राशि एवं अन्य राशि 15 वर्षों के बाद भी अबतक भुगतान नहीं किया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्ष 2001 में सेवानिवृत्त चालकों को बकाये राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

रोक लगाना

*2099. श्री नीरज कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार तमाम बोर्ड को मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से फीस बढ़ाने के पहले स्कूलों को फीस रिव्यू एशन कमिटि बनाने का निदेश है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रेगुलेशन ऑफ कलेक्शन ऑफ फीस एक्ट 2009 के तहत कोई भी स्कूल अधिकतम 5 प्रतिशत ही फीस बढ़ोत्तरी कर सकता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि क्राइस्ट चर्च डायोसेशन स्कूल, कलेक्ट्रीयट रोड, गाँधी मैदान, पटना द्वारा अभिभावकों को बिना पूर्व सूचना के स्कूल फीस में 400 रु0 से 600 रु0 तक की बढ़ोत्तरी वर्ष 2016 में की गई है, जबकि पिछले वर्ष ही स्कूल फीस में 200 रु0 की बढ़ोत्तरी की गई थी ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (3) में वर्णित स्कूल के साथ राज्य के सभी स्कूलों में मनमाने फीस वृद्धि पर रोक लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

तालीमी मरकजों से जोड़ना

*2100. श्री नौशाद आलम—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद, किशनगंज आदि जिलों में अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं के आधुनिक शिक्षा तथा विज्ञान एवं भाषा साहित्य आदि विषयों की पढ़ाई के लिये विभाग द्वारा वर्ष 2006-07 को दीनी मकातिब/मदरसों में शिक्षा स्वयं सेवक नियोजित किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि पाँच वर्ष पूरा होने के बाद वर्ष 2012 को उक्त स्वंय सेवकों की सेवा समाप्त कर दी गई है जिसके कारण दीनी मकतब/मदरसों के छात्र-छात्रायें आधुनिक शिक्षा से वंचित हो गये हैं एवं सभी स्वंय सेवक बेरोजगार हो गये हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अल्पसंख्यक छात्र-छात्रों को आधुनिक शिक्षा दिलाने एवं बेरोजगार स्वंय सेवकों को तालीमी मरकजों से जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चालू कराना

*2101. श्री मुन्द्रिका सिंह यादव—क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में क्रशर उद्योग प्रायः ठप्प है जिसके कारण निर्माण तथा निर्माण कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बंद पड़े क्रशर उद्योग को चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

---

स्टेडियम निर्माण

*2102. श्री अशोक कुमार (132)—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर विधान-सभा क्षेत्र में एक भी स्टेडियम नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार रा0 उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवाजीनगर के पीछे के खाली जमीन में स्टेडियम का निर्माण कराना चाहती है ?

---

निर्माण कराना

*2103. श्री मेवा लाल चौधरी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के हवेली खड़गपुर प्रखंड अन्तर्गत पंचायत गंगटा के ग्राम-भीम बाँध में अभीतक कोई भी उच्च विद्यालय नहीं है, जबकि यह आदिवासी बहुल्य क्षेत्र है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम भीम बाँध के आदिवासी छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु 18 कि0मी0 की दूरी तय कर दूसरे उच्च विद्यालय में जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव में उच्च विद्यालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्टेडियम का निर्माण

*2104. श्री चन्दन कुमार—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखंड के एम0एस0 कॉलेज एवं हरिपुर उच्च विद्यालय के पास सरकारी जमीन स्टेडियम निर्माण हेतु उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्टेडियम के अभाव में राज्यस्तरीय टूर्नामेंट आयोजित नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड के एम0एस0कॉलेज के पास एवं हरिपुर उच्च विद्यालय खेल मैदान में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

डिग्री कॉलेज खोलना

*2105. श्री रवि ज्योति कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत राजगीर शहरी क्षेत्र में एक भी महिला एवं अन्य डिग्री कॉलेज नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार राजगीर शहरी क्षेत्र में महिला एवं अन्य डिग्री कॉलेज कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*2106. श्री उमेश सिंह कुशवाहा—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार की नीति है कि प्रत्येक पंचायत में एक मध्य विद्यालय जो सरकार की शर्त को पूरा करेगा उसे उत्क्रमित कर हाई स्कूल कर दिया जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत जन्दाहा प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, मानपुर फतेहउल्लाह, मध्य विद्यालय, रामपुर चोरहों एवं महनार प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, गोरिगामा सरकार की शर्त को पूरा कर रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालयों को उत्क्रमित कर हाई स्कूल में करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2107. श्री संजय सरावगी—स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 18 जनवरी, 2016 के अंक में प्रकाशित समाचार शीर्षक "रोहतास में 124 अवैध क्रशर मशीनें ध्वस्त" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला में पत्थर माफियाओं द्वारा पिछले तीन वर्षों से अवैध खनन कर सरकारी राजस्व को चूना लगाया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अवैध खनन रोकने के लिये वहाँ नियुक्त जिम्मेदार पदाधिकारी के खिलाफ कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*2108. श्री सरोज यादव—क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला में इंजीनियरिंग कॉलेज नहीं होने से यहाँ के छात्र-छात्राओं को अध्ययन हेतु उ०प्र०, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश जाना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार भोजपुर जिला के बड़हरा प्रखंड सुरूपालय के पास बिहार सरकार के जमीन पर इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित कराना

*2109. श्री सैयद अबु दोजाना—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सुरसंड विधान-सभा क्षेत्र के पुपरी प्रखण्ड में मध्य विद्यालय, कुशैल एवं सोनवर्षा टोला में उर्दू शिक्षकों का पद रिक्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा निर्धारित तिथि दिनांक 4 फरवरी, 2016 से लेकर 5 फरवरी, 2016 तक की समय-सीमा के अन्दर उर्दू टी०ई०टी० पास अभ्यर्थियों को ही बहाल करने का दिशा-निर्देश दिया गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों को पदस्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कम्प्यूटर ठीक कराना

*2110. श्री अजीत शर्मा—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के भागलपुर विधान-सभा क्षेत्र मारवाड़ी पाठशाला सुखराज उच्च विद्यालय, भागलपुर, शारदा झुनझुन वाला उच्च विद्यालय, भागलपुर के लिए वर्ष 2005 में कम्प्यूटर की खरीदारी की गई लेकिन सभी कम्प्यूटर खराब होने से उक्त विद्यालयों में कम्प्यूटर की पढ़ाई नहीं की जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालयों के कम्प्यूटर को कबतक ठीक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

परिचालन कराना

*2111. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड अनुमंडल में सरकारी बस सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण इस क्षेत्र के आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार बेलसंड अनुमंडल में कब से सरकारी बस सेवा का परिचालन कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वीकृत राशि देना

*2112. श्री शम्भुनाथ यादव—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला चौसा प्रखण्ड में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में दसवीं में 200 छात्रायें तथा +2 में 200 छात्रायें नामांकित हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में 3 शिक्षक प्रतिनियोजित हैं तथा +2 के लिये उपस्कर मद में 13,50,000 (तेरह लाख पचास हजार) रुपये स्वीकृति के पश्चात् वापस ले लिया गया है, साथ ही उक्त विद्यालय का भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन का निर्माण, शिक्षक की बहाली तथा उपस्कर मद में स्वीकृत राशि देने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*2113. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बखरी प्रखंड के अनुसूचित जाति बाहुल्य जनसंख्या वाले रहटन पंचायत में एक भी उच्च विद्यालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रहटन पंचायत की छात्र-छात्राओं को मैट्रिक तक की शिक्षा ग्रहण हेतु 10 कि० मी० दूर परिहारा पंचायत या सकरपुरा पंचायत जाना पड़ता है जिसकी दूरी अधिक होने के कारण आज भी कई छात्र-छात्राएँ मैट्रिक तक की पढ़ाई भी पूरी नहीं कर पा रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत में उच्च विद्यालय स्थापित कराने या मध्य विद्यालय को उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

मरकज केन्द्र बंद रहने का औचित्य

*2114. श्री विजय कुमार 'विजय'--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रधान सचिव, शिक्षा विभाग ने अपने पत्रांक 926, दिनांक 3 मई, 2013 द्वारा मुख्यमंत्री अक्षर आँचल योजना के अन्तर्गत तालिमी मरकज प्रारम्भ करने का निदेश जिला पदाधिकारी, मुंगेर को दिया गया, परन्तु मुंगेर जिला के 105 तालिमी मरकज केन्द्र आज भी बंद है, यदि हाँ, तो इसका औचित्य क्या है ?

-------

निर्माण कराना

*2115. श्रीमती आशा सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दानापुर अनुमंडल के अधीन कन्या उच्च विद्यालय महुआबाग में करीब 500 छात्राएँ पढ़ाई कर रही है, किन्तु उक्त विद्यालय में मात्र दो कमरे हैं जिसके चलते छात्राओं को पठन-पाठन करने में काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय के पास काफी खाली जमीन भी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय में पठन-पाठन सुचारु रूप से संचालन हेतु अतिरिक्त कमरे का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

मरम्मती कराना

*2116. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पंडौल प्रखंड के मदरसा हादिसिया, ग्राम-बिहनगर, 1947 में स्वीकृत हुआ तथा 1980 में मदरसा समिति द्वारा चार कमरा बनाया गया था जो अब = रे हो चुका है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो उक्त सरकार मदरसे में पढ़ने वाले 250 छात्रों के लिये अतिरिक्त कमरा निर्माण कराने एवं जर्जर कमरा की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

लाभ देना

*2117. डॉ० अशोक कुमार--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2014-15 से मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति मेधावृत्ति योजना लागू है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के रोसड़ा प्रखंड स्थित रामजीवन [illegible] महिला महाविद्यालय, रोसड़ा सहित जिला के अन्य महाविद्यालयों में वर्ष 2014 में 12वीं कक्षा में प्रथम व द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को अबतक उक्त योजना के तहत प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त योजना की राशि का भुगतान उक्त महाविद्यालय के छात्राओं को करते हुए जिला के समस्त महाविद्यालयों में यह लाभ देने का विचार रखती है ?

---

भवन बनवाना

*2118. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर विधान-सभा क्षेत्र के सबलपुर पश्चिमी पंचायत के पक्षिमारी टोला स्थित मध्य विद्यालय 3 वर्ष पूर्व गंगा नदी के कटाव से ध्वस्त हो गया है, शेष बचे 2 कमरा भी जर्जर एवं क्षतिग्रस्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के नामांकित बच्चे भवन के अभाव में खुले आसमान के नीचे पठन-पाठन करने को विवश हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

वृद्धा आश्रम का निर्माण

*2119. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत वाल्मीकिनगर एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है तथा वहाँ कोई वृद्धा आश्रम नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वाल्मीकिनगर में वृद्धा आश्रम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कार्य कराना

*2120. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत [illegible] उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हरिशंकरी (केवस निजामत), श्री कृष्णा उच्चतर माध्यमिक, जितवारपुर उच्चतर विद्यालय, धरमपुर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बाथो उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जाग सिंहपुर को अपना भवन नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पठन-पाठन कार्य सुचारू रूप से संचालित करने हेतु विद्यालय भवन का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## प्रोन्नति देना

*2121. श्री दिनकर राम—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार सरकारी कर्मी को प्रोन्नति पर विचार किया जाना उसका मौलिक अधिकार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुसूचित जाति के बिहार वन सेवा के पदाधिकारी, श्री राधाकांत कुमार को प्रोन्नति पर बिना विचार किये उनसे कनीय 7 पदाधिकारियों को विभागीय अधिसूचना सं० 1150, दिनांक 24 अप्रील, 2014 द्वारा उप वन संरक्षक के पद पर प्रोन्नति दे दी गयी है ;

(3) क्या यह बात सही है कि अनुसूचित जाति के कोटा के अंतर्गत उप वन संरक्षक का पद रिक्त रहने के बावजूद श्री कुमार को रिक्त पद पर प्रोन्नति नहीं दी गयी ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक श्री कुमार को प्रोन्नति देने का विचार रखती है ?

---

## स्थापित करना

*2122. श्री अचमित ऋषिदेव—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2009–10 से केन्द्रीय विद्यालय के तर्ज पर प्रत्येक प्रखंड में एक-एक मॉडल विद्यालय जो +2 स्तर का होगा, का विकास किया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज तथा भरगामा प्रखंड में अबतक +2 स्तर का मॉडल विद्यालय स्थापित नहीं किया जा सका है जिससे स्थानीय विद्यार्थी इस लाभ से वंचित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रानीगंज तथा भरगामा प्रखंड में एक एक मॉडल विद्यालय स्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## भुगतान करना

*2123. श्रीमती गायत्री देवी—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा प्रावधान किया गया है कि न्याय मित्र को किसी पंचायत का अतिरिक्त प्रभार दिया जाता है तो 20 प्रतिशत अर्थात् 500 रुपये प्रतिमाह अधिक भुगतान किया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सोनबरसा प्रखंड विकास पदाधिकारी के पत्रांक 815, दिनांक 26 अगस्त, 2008 के द्वारा सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखण्ड अन्तर्गत रजवाड़ा पूर्वी का प्रभार पिपरा परसाईन पंचायत के न्याय मित्र को दिया गया, लेकिन 36 माह कार्य करने के उपरान्त भी राशि का भुगतान प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा नहीं किया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कबतक सरकार उक्त न्याय मित्र को अतिरिक्त प्रभार की राशि भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## स्टेडियम का निर्माण

*2124. श्रीमती सावित्री देवी—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के चकाई विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत सोनो एवं चकाई दो प्रखंड है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित दोनों प्रखंडों में से एक भी प्रखंड में स्टेडियम नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में स्टेडियम के निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ऋण बाँटना

*2125. <u>श्री रत्नेश सादा</u>—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के रघुनाथपुर, बसनही, मोतीबारी, मुसहरी संस्थाली रमना, संस्थाली तरहरो गाँव आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आदिवासियों की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक विकास के लिये माडा योजना से उद्योग एवं कुटीर उद्योग के लिये ऋण देने की व्यवस्था है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उपरोक्त प्रखंड के आदिवासियों के आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिये सभा आयोजित कर ऋण बाँटने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापन करना

*2126. <u>श्रीमती गुलजार देवी</u>—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखण्ड में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का पद दो वर्षों से रिक्त है जिससे आँगनबाड़ी केन्द्र का संचालन होने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखण्ड में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

संग्रहालय बनाना

*2127. <u>श्री रामप्रीत पासवान</u>—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प्रदेश में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री अथवा कोई विदेशी मेहमान आते हैं तो उन्हें मिथिला चित्रकला या शैली से निर्मित प्रतीक चिह्न भेंट स्वरूप दिया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मिथिला चित्रकला ने देश-विदेश में लोक कलाकारों का गौरव बढ़ाया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधुबनी या दरभंगा में मिथिला चित्रकला का संग्रहालय बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

घेराबंदी करना

*2128. <u>मो० आफाक आलम</u>—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, गढ़बनैली की चहारदीवारी नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के जमीन का अतिक्रमण स्थानीय आम जनता द्वारा होने से उक्त विद्यालय में छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन कार्य में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

समय अवधि बढ़ाना

*2129. डॉ० सी० एन० गुप्ता--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 के बाद शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षक पात्रता परीक्षा की समयावधि 1.30 घंटे निर्धारित है जो अन्य राज्यों (2.30 घंटे) की तुलना में कम है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त परीक्षा को नियमित आयोजित करने तथा परीक्षा की समय अवधि बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*2130. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के दुर्गावती प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोगार, नुआंव प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोटा तथा रामगढ़ प्रखंड के उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनार में एक भी शिक्षक नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में शिक्षक को पदस्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्टेडियम बनाना

*2131. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में खेल-कूद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार ने प्रखंड स्तर पर स्टेडियम का निर्माण कराने का निर्णय वित्तीय वर्ष 2012 में लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के श्री सुखदेव एकंगरी उच्च विद्यालय, एकंगरसराय में खेल मैदान का जमीन उपलब्ध रहने के उपरान्त भी स्टेडियम नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में वर्णित स्थान पर स्टेडियम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बंद करना

*2132. श्री लक्ष्मेश्वर राय--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत नगर पंचायत झंझारपुर के वार्ड नं० 12 के लंगड़ा चौक पर आवासीय क्षेत्र से सटकर मुर्गा फार्म की अवैध रूप से स्थापना कर विगत 4 वर्षों से संचालित किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण क्षेत्र के लिये दूरी 300 मीटर तथा शहरी क्षेत्र के लिये 500 मीटर की दूरी पर फार्म खोलने का प्रावधान है जबकि उक्त संचालित फार्म आबादी से मात्र 22 मीटर पर है;

(3) क्या यह बात सही है कि पर्यावरण के दृष्टिकोण से उक्त फार्म को बन्द करने हेतु बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के पत्रांक 6480, दिनांक 25 जून, 2015 एवं 10855, दिनांक 3 नवम्बर, 2015 के द्वारा जिला पदाधिकारी, मधुबनी को निदेश दिया गया जिसका अनुपालन अभीतक नहीं किया गया है;

(4) यदि उक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अवैध रूप से संचालित मुर्गा फार्म को कबतक बन्द करने का विचार रखती है ?

उच्च विद्यालय खोलना

*2133. श्री चन्द्रसेन प्रसाद—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के सभी जिलों के सभी प्रखंडों में बालिका उच्च विद्यालय खोलने का निर्णय वर्ष 2010-11 में सरकार द्वारा लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के एकंगरसराय प्रखंड के एकंगरसराय में स्थानीय लोगों के सहयोग से एक निजी बालिका उच्च विद्यालय 19 वर्षों से चलाया जा रहा था जो आज बन्द हो चुका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार एकंगरसराय प्रखंड के एकंगरसराय में एक बालिका उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*2134. श्री उपेन्द्र पासवान—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बेलहर प्रखंड के राजपुर ग्राम में मध्य विद्यालय, राजपुर की स्थापना वर्ष 1920 में हुयी है तथा उक्त मध्य विद्यालय में कक्षा के अनुपात में कमरों की संख्या कम है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त मध्य विद्यालय में पर्याप्त कमरों के निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*2135. श्री तार किशोर प्रसाद—क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कटिहार प्रखंड के आवासीय आदिवासी उच्च उच्च विद्यालय सरसाही, भवाड़ा एवं हसनगंज प्रखंड में खेल का स्टेडियम नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार खेल का स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय खोलना

*2136. श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सिकन्दरा प्रखंड के विछवे गाँव के 8 किलोमीटर के दायरे में कन्या उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उस गाँव में कन्या उच्च विद्यालय नहीं होने के कारण छात्राओं को पठन पाठन करने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उस गाँव में कन्या उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भुगतान करना

*2137. श्रीमती आशा सिन्हा--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के दानापुर स्थित वार्ड सं० 3 के करीब 5 हजार वृद्धों को वृद्धावस्था पेंशन मिलने में काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि वार्ड सं० 3 के आवासी दानापुर में अथवा पटना सदर में हैं, इसकी जानकारी नहीं होने के कारण पेंशन भुगतान करीब वर्ष 2013 से नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त वार्ड सं० 3 के वृद्धों को वृद्धावस्था पेंशन भुगतान करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थापना करना

*2138. श्री चन्दन कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अन्तर्गत अलौली प्रखण्ड में एक भी कॉलेज नहीं है, जिससे उच्च शिक्षा पाने से छात्र-छात्राएँ वंचित रह जाते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि कॉलेज स्थापना हेतु शैन में 20 एकड़ जमीन उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक शैन में उपलब्ध 20 एकड़ जमीन पर कॉलेज की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उपलब्ध कराना

*2139. श्री दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1994 में सरकार ने सहरसा जिला मुख्यालय में अतिरिक्त राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, सहरसा खोलने की अधिसूचना निर्गत की थी, जो पूरब बाजार सहरसा में जिला परिषद् की जमीन पर संचालित है, जिसमें 636 छात्राएं पढ़ती हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय का अपना भवन, चहारदीवारी शौचालय नहीं है एवं स्वीकृत पद-लिपिक-1, चतुर्थवर्गीय कर्मचारी-9 के विरुद्ध एक भी कर्मचारी पदस्थापित नहीं हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय को भवन, चहारदीवारी, शौचालय, लिपिक एवं चतुर्थवर्गीय कर्मचारी कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पॉलिटेक्निक कॉलेज खुलवाना

*2140. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय "पप्पू"--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत पंचदेवरी प्रखंड में पॉलिटेक्निक कॉलेज नहीं रहने से तकनीकी शिक्षा हेतु छात्रों को अन्यत्र जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पंचदेवरी प्रखंड में एक पॉलिटेक्निक कॉलेज खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

निर्माण कराना

*2141. मो० नवाज आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आरा नगर स्थित गोला मुहल्ला में पुलेश्वरी मध्य विद्यालय स्थित है, जो निजी जमीन पर संचालित है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त मध्य विद्यालय को भूमि आवंटित कर भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*2142. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत हलसी प्रखण्ड के साढ़माफ गाँव में मध्य विद्यालय है, जहाँ 763 बच्चे एवं 7 शिक्षक हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि इस विद्यालय से प्रत्येक वर्ष 150 छात्र-छात्राएँ अष्टम वर्ग पास करते है, लेकिन उच्च विद्यालय शिवसोना की दूरी 6 कि०मी० सिकन्दरा उच्च विद्यालय की दूरी 7 कि०मी० तथा हलसी उच्च विद्यालय की दूरी 9 कि०मी० है, जिससे छात्र-छात्राओं को आगे की पढ़ाई में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार साढ़माफ मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

वितरण करना

*2143. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मुशहरी एवं बोचहा प्रखण्डान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 का वृद्धा अवस्था पेंशन का भुगतान अभीतक नहीं हुआ है, साथ ही काफी संख्या में लोग योजना के लाभ से वंचित है, यदि हाँ, तो कबतक सरकार उक्त वर्णित प्रखंडों में वृद्धा अवस्था पेंशन वितरण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

---------

यंत्र लगाना

*2144. मो० नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, वन एवं पर्यावरण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में सासा-मुशा सुगर फैक्ट्री से निकला हुआ गन्दा पानी ग्रामीणों के स्वास्थ्य के लिये काफी हानिकारक है और वातावरण प्रदूषित कर रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि मिल द्वारा इस दूषित जल की सफाई के लिये कोई यन्त्र नहीं लगाया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक दूषित वातावरण शुद्ध करने का यंत्र लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### निर्माण कराना

*2145. श्री राजेश कुमार— क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा प्रखंड में स्थित प्रखंड संसाधन केन्द्र, कुटुम्बा वर्ष 2009 में बना था, के दीवार में दरार पड़ गया है और गिरने के कगार पर पहुँच गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त केन्द्र को नये सिरे से पुनः निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### जाँच करवाना

*2146. श्रीमती कुन्ती देवी— क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत मोहनपुर बथानी प्रखंड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा बथानी पंचायत के आँगनबाड़ी केन्द्र ओढ़नपुरा में प्रमाण पत्र के सत्यापन किये बिना आवेदिका श्रीमती सुनीता कुमारी को सेविका के पद पर नियुक्त किया है, यदि हाँ, तो सरकार नियुक्त सेविका के प्रमाण पत्र की जाँच कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### महाविद्यालय खोलना

*2147. श्री मेवा लाल चौधरी— क्या मंत्री, शिक्षा (उ० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के असरगंज प्रखंड में अभीतक कन्या महाविद्यालय नहीं है जिसके कारण लड़कियों को पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार असरगंज में कबतक कन्या महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### कार्रवाई करना

*2148. श्री राजकुमार राय— क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखंड के अवनौल म० वि० एवं विथान प्रखंड के बरकौलिया एवं नरपा उ०वि० में एस०सी०/एस०टी० विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति वितरण में प्रधानाध्यापकों द्वारा फर्जी छात्रों की सूची बनाकर राशि का गबन किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### कमियों को दूर करना

*2149. श्री रविन्द्र सिंह— क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत अरवल प्रखंड का जी०ए० हाई स्कूल +2 स्तरीय है, किन्तु उसके अनुरूप आधारभूत संरचनाओं एवं संसाधनों की अत्यंत कमी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कमियों को दूर करने का विचार रखती है?

### पॉलिटेकनिक कॉलेज खोलना

*2150. श्री जनक सिंह-- क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला में एक भी सरकारी पॉलिटेकनिक कॉलेज नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि पॉलिटेकनिक कॉलेज के अभाव में ग्रामीण क्षेत्र के गरीब छात्र छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाईयाँ होती हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रोहतास जिला के कोचस प्रखंड में पॉलिटेकनिक कॉलेज खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

**प्रभारी मंत्री**-- (1) उत्तर अस्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि रोहतास जिला के डेहरी ऑन सोन में नवस्थापित राजकीय पॉलिटेकनिक संस्थान, डेहरी ऑन सोन में शैक्षणिक सत्र 2015-16 से प्रारंभ किया जा चुका है।

(2) उत्तर अस्वीकारात्मक है।

(3) राज्य के सुशासन कार्यक्रम 2015-20 के तहत प्रत्येक जिले में एक एक राजकीय पॉलिटेकनिक संस्थान की स्थापना की जानी है। इस कार्यक्रम के तहत रोहतास जिलान्तर्गत डेहरी-ऑन-सोन में एक राजकीय पॉलिटेकनिक की स्थापना की जा चुकी है। कोचस प्रखंड में पॉलिटेकनिक संस्थान की स्थापना का प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन नहीं है।

---

### संचालित कराना

*2151. श्री सुदामा प्रसाद-- क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के तरारी प्रखंड के इमादपुर बसौरी मुसहर टोली, पीरो प्रखंड के सिन्की मोहल्ला, पीरो मुसहर टोली का आंगनबाड़ी केन्द्र इन टोलों में संचालित न होकर अन्यत्र स्थानों पर संचालित होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित टोलों के बच्चे उनके टोलों में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित नहीं होने के कारण पौष्टिक आहार एवं शिक्षा से वंचित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (1) में वर्णित टोलों में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### निबंधन कार्यालय खोलना

*2152. श्री मुजाहिद आलम-- क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन विधान सभा क्षेत्र की तीन लाख से ऊपर की आबादी के लिए एक भी निबंधन कार्यालय नहीं है जिसके कारण लोगों को काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कोचाधामन विधान सभा क्षेत्र में निबंधन कार्यालय खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मुक्त रखना

*2153. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार में शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्य में लगाया जाता है, जिससे पठन-पाठन कार्य में बाधा आती है, यदि हाँ, तो सरकार शिक्षक को गैर-शैक्षणिक कार्य से मुक्त रखने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित किये जाने का औचित्य

*2154. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी अररिया ने पत्रांक 1591, दिनांक 21 जून, 2015 के द्वारा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, अररिया को निलम्बित अथवा अन्यत्र स्थानान्तरण करने की अनुशंसा प्रधान सचिव, शिक्षा विभाग को भेजी, है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में जिला पदाधिकारी के द्वारा की गयी अनुशंसा के बावजूद जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, अररिया को अधिसूचना संख्या 02/एम-53/14-1366, दिनांक 27 जून, 2015 के द्वारा उप-निदेशक प्रशासन-सह-अपर सचिव के पद पर उनके गृह जिला अररिया में पदस्थापित किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, अररिया को पुनः उप-निदेशक प्रशासन-सह-अपर सचिव, अररिया के पद पर पदस्थापित किये जाने का क्या औचित्य है ?

---

उत्क्रमित करना

*2155. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि हर पंचायत में उच्च विद्यालय खोलने की सरकार की योजना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चिरैया प्रखण्ड अन्तर्गत राजकीय बुनियादी विद्यालय अवस्थित है तथा उक्त स्थल से उच्च विद्यालय की दूरी लगभग 8 किलो मीटर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है ?

---

उत्क्रमित करना

*2156. श्री रवीन्द्र सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत अरवल नगर परिषद् के चार प्राथमिक विद्यालयों में एक भी उत्क्रमित मध्य विद्यालय नहीं है, जिससे वहाँ के छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन में असुविधाएँ होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर के प्राथमिक विद्यालय को उत्क्रमित कराकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा उपलब्ध कराना

*2157. श्री अमित कुमार—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बैरगनियाँ सामरिक दृष्टिकोण से पड़ोसी देश नेपाल से सटा रहने के कारण अतिमहत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बैरगनियाँ से सीतामढ़ी मुख्यालय एवं अन्यत्र जाने-आने के लिये कोई समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण ग्रामवासी को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बैरगनियाँ से सीतामढ़ी मुख्यालय एवं अन्यत्र स्थान के लिये बिहार राज्य पथ परिवहन का बस सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

---

स्वीकृत करना

*2158. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में मदरसा शिक्षकों का छठवाँ वेतनमान स्वीकृत किया गया है किन्तु पाँचवाँ वेतनमान और पूर्व की वेतन वृद्धि की स्वीकृति नहीं दी गई है फलतः वेतन विसंगति के कारण उन्हें आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उन्हें पाँचवाँ वेतनमान और पूर्व की वेतन वृद्धि स्वीकृत करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

खाली करवाना

*2159. श्री केदार प्रसाद गुप्ता—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड के किनारू पंचायत स्थित महादलित टोला में राजकीय प्राथमिक विद्यालय मुसहर टोला के नाम पर 16 डी० जमीन उपलब्ध है जिसका खाता सं0 834 एवं खेसरा 470 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्कूल 5 डी० में बना है बाकी जमीन अतिक्रमण करके मकान बना दिया गया है जिससे छात्र-छात्राओं को पढ़ने एवं खेलने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्कूल के अतिक्रमित जमीन को खाली करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सुनिश्चित करना

*2160. मो० नवाज आलम—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के स्वीकृत बल के विरुद्ध कार्यरत शिक्षकों की संख्या कम है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षकों के नहीं रहने से पठन-पाठन का कार्य बाधित हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक भोजपुर जिला के माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पद को भरते हुए पठन-पाठन की व्यवस्था सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

## शिक्षकों की कमी दूर करना

*2061. श्रीमती कुन्ती देवी—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत मोहड़ा प्रखंड में अम्बेदकर अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय, तरौवन में संचालित हो रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस विद्यालय में नामांकित छात्रों की संख्या 240 है, लेकिन विद्यालय में उपस्थित छात्रों की संख्या 100 से भी कम रहता है;

(3) क्या यह बात सही है कि इस विद्यालय में शिक्षकों के स्वीकृत 12 पद के विरुद्ध मात्र 4 शिक्षक कार्यरत हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्रहित में विद्यालय का निरीक्षण करवाकर पोषाहार एवं छात्रवृत्ति में व्याप्त अनियमितता एवं शिक्षकों की कमी को दूर कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## पूर्ण कराना

*2162. श्री सदानन्द सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंड अन्तर्गत चण्डिका मिश्री लाल कृष्णा प्रसाद उच्च विद्यालय, अगर पुआवे में +2 भवन पिछले 6 वर्षों से निर्माणाधीन है, जिससे उक्त विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को पढ़ने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय के भवन का निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## वृद्धाश्रम बनाना

*2163. डॉ० सी० एन० गुप्ता—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिले सहित पूरे बिहार में वृद्ध एवं निःशक्त लोगों के लिये किसी प्रकार का आश्रय स्थल उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सभी जिला में वृद्धाश्रम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## कार्रवाई करना

*2164. श्री तारकिशोर प्रसाद—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि श्री अरविन्द कुमार शर्मा, तिलका माँझी, भागलपुर विश्वविद्यालय के सम्पर्क अधिकारी हैं एवं 15 वर्षों से उच्च शिक्षा निदेशालय में एक ही पद पर प्रतिनियुक्त हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि श्री शर्मा का वेतन सत्यापन, वेतन सत्यापन कोषांग से नहीं होकर वित्त विभाग की बिना सहमति से विभाग द्वारा वेतन निर्धारित कर दिया गया है, जो सरकार के निर्देश के विपरीत है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री शर्मा को पैतृक विश्वविद्यालय वापस करते हुये बिना वेतन सत्यापन के वेतन निकासी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्ति करना

*2165. श्री राघव शरण पाण्डेय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में 40 छात्रों पर एक शिक्षक मानक के अनुसार प्रतिनियुक्ति का निर्णय सरकार द्वारा वर्ष 2010 में लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के प्रखण्ड-बगहा (1) अन्तर्गत राजकीयकृत श्री हरिहर 10+2 उच्च विद्यालय में वर्ग 9 से 10+2 तक 1300 छात्र-छात्राओं पर मात्र चार शिक्षक ही वर्ष 2014 से प्रतिनियुक्त हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खण्ड (1) में वर्णित मानक के अनुसार उक्त विद्यालय में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----

पदस्थापित करना

*2166. डॉ0 सुनील कुमार--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला में खनन पदाधिकारी नहीं है, जिसके कारण खनन कार्य में बाधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार नालंदा जिला में खनन पदाधिकारी को कबतक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

नियुक्ति करना

*2167. श्री अशोक कुमार सिंह- क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्राथमिक स्कूलों में 70,000 एवं हाई स्कूलों में 6,500 शिक्षकों के पद रिक्त हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि हाई स्कूलों में 1972 रिक्तियाँ भौतिकी विषय में, 1939 रसायन शास्त्र में, अंग्रेजी में 1875, गणित विषय में 1667, मनोविज्ञान में 1311, समाज शास्त्र में 1043 और हिन्दी में 1062 शिक्षकों का पद रिक्त हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि प्लस टू में 20 हजार, 60 हजार हाई स्कूल में तथा 1.21 लाख प्रारम्भिक स्कूलों में टी0 ई0 टी0 के सफल अभ्यर्थी हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो प्रारम्भिक, हाई स्कूल और प्लस टू में रिक्त पड़े शिक्षकों के पद पर सरकार कबतक नियुक्ति करने का विचार रखती है ?

-----------

पढ़ाई शुरू कराना

*2168. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला में समस्तीपुर कॉलेज, समस्तीपुर राम निरीक्षण आत्मा राम कॉलेज बलिराम भगत महाविद्यालय, यू0 आर0 कॉलेज, रोसड़ा आर0 बी0 कॉलेज, दलसिंहसराय सहित कुल अंगीभूत कॉलेजों की संख्या बारह है;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर कॉलेज, समस्तीपुर, यू0 आर0 कॉलेज, रोसड़ा एवं आर0 बी0 कॉलेज दलसिंहसराय में ही स्नातकोत्तर के कुछ विषयों की पढ़ाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऊपर वर्णित सभी अंगीभूत कॉलेज में स्नातकोत्तर के सभी विषयों की पढ़ाई शुरू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार कराना

*2169. श्री जितेन्द्र कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत बिन्द प्रखंड मुख्यालय में बिन्द उच्च विद्यालय है जिसका भवन विगत तीन वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन के जर्जरता की सूचना बीस सूत्री समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2015-16 में दी गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार छात्र-छात्राओं के हित में कबतक उक्त उच्च विद्यालय के भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रोन्नति देना

*2170. श्री अशोक कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास (सासाराम) जिलान्तर्गत वर्ष 1994 एवं 1999 बैच के वैसे प्राथमिक सहायक स्नातक शिक्षक जो सेवा काल से ही ट्रेंड थे एवं उनकी सेवा अवधि 8 वर्ष पूरी हो चुकी थी, वैसे 412 प्रा० सहायक स्नातक शिक्षकों को वर्ष 2014 में प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निदेशक प्रा० शिक्षा के पत्रांक 168, दिनांक 12 फरवरी, 2014 एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, रोहतास के आपांक एल-1293, दिनांक 4 जून, 2014 एवं पत्रांक एल-190, दिनांक 30 जुलाई, 2014 का अनुपालन नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (2) में वर्णित पत्रों का अनुपालन आदेश के तहत शेष बचे 73 अर्हता रखने वाले सहायक प्राथमिक स्नातक शिक्षकों को प्रधानाध्यापक के पद पर कबतक प्रोन्नति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन बनाना

*2171. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत लखीसराय नगर परिषद् क्षेत्र वार्ड नं० 18 जोकमैला में उत्क्रमित मध्य विद्यालय का अपना भवन नहीं है जिससे छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में असुविधा होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लखीसराय नगर परिषद् क्षेत्र के जोकमैला में उक्त विद्यालय का अपना भवन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अवैध वसूली रोकना

*2172. श्री जनार्दन मांझी—क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत सभी बालू घाटों पर खनन विभाग द्वारा ट्रकों को 2600 रुपये का चालान दिया जाता है, परन्तु ट्रक वालों से 5500 सौ रुपया वसूला जाता है, यदि हाँ, तो कम्प्यूटर युक्त धर्म काँटा लगाकर बालू लोड करवाने एवं अवैध वसूली रोकने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## नियुक्ति करना

*2173. डॉ० संजीव चौरसिया--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य संस्कृत अकादमी पिछले 27 वर्षों से भवनहीन व 22 वर्षों से निदेशक विहीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार हाल ही में कई क्षेत्रीय भाषाओं के निदेशकों की नियुक्ति की है जबकि संस्कृत भाषा अकादमी के निदेशक की नियुक्ति नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संस्कृत के वैश्विक महत्व को ध्यान में रखते हुए भवन की व्यवस्था के साथ निदेशक की नियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## कार्रवाई करना

*2174. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के विद्यालयों में नियोजित (एस०टी०ई०टी० उत्तीर्ण) शिक्षकों का दूसरे विद्यालय में स्थानान्तरण/प्रतिनियोजन (बिना सेवाशर्त) करने का प्रावधान नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत +2 उच्च विद्यालय, हरनौत में नियोजित शिक्षक, श्री विजय कुमार, श्री राजकुमार प्रसाद सिन्हा, श्रीमती चन्दना कुमारी एवं श्रीमती सुजाता कुमारी का प्रतिनियोजन जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालन्दा द्वारा प्रावधान के विपरीत ज्ञापांक 1919, दिनांक 25 दिसम्बर, 2015 के द्वारा उच्च विद्यालय, कल्याण बिगहा (नालन्दा) में कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रावधान के विपरीत किये गये प्रतिनियोजन को विखंडित कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

---

## नियमित करना

*2175. श्री नारायण यादव--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समेकित बाल विकास योजना अन्तर्गत बिहार राज्य में 544 बाल विकास परियोजनाओं के लिये महिला पर्यवेक्षिका की अनुबंध पर नियुक्ति वित्तीय वर्ष 2011 में की गयी थी, यदि हाँ, तो क्या सरकार महिला पर्यवेक्षिकाओं को नियमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## प्रारंभ करना

*2176. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर प्रखंड अंतर्गत रामनगर में महिला आई०टी०आई० का भवन बनकर तैयार है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त नये भवन में महिला आई०टी०आई० प्रारंभ करने का विचार रखती है ?

परिचालन कराना

*2177. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोधगया एक अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पर्यटकों के लिये वहाँ से पटना, बनारस एवं राजगीर के लिये सरकार द्वारा बसों का परिचालन नहीं कराने से यात्रियों को कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बोधगया से पटना, बनारस एवं राजगीर के लिये बस का परिचालन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

नियोजन पत्र नहीं देना

*2178. श्री मनोरंजन सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला परिषद् कार्यालय, मुंगेर उच्चतर माध्यमिक शिक्षक कम्प्यूटर साईंस के नियोजन हेतु दिनांक 9 फरवरी, 2016 को काउंसलिंग के पश्चात् अंतिम मेधा सूची का प्रकाशन किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि संतोष कुमार भारती का नाम मेधा सूची के क्रमांक 6 पर दिनांक 10 फरवरी, 2016 को प्रकाशित किया गया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि संतोष कुमार भारती को अबतक चयन पत्र निर्गत नहीं किया गया है, जबकि 7 दिनों के अंदर चयन पत्र निर्गत करने का आदेश निदेशक, माध्यमिक शिक्षा द्वारा पत्रांक 620, दिनांक 5 फरवरी, 2016 को उप-विकास आयुक्त, मुंगेर को दी गई थी ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अबतक नियोजन पत्र नहीं देने का औचित्य क्या है ?

------

स्थापना करना

*2179. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत दक्षिणी अमदाबाद ग्राम पंचायत के पंचानपुर गाँव के वार्ड संख्या 2 में आँगनबाड़ी केन्द्र स्थापित नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वार्ड में आँगनबाड़ी केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

लागू करना

*2180. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भिक्षुक, लाचार, बेसहारा लोगों को सहारा देने के लिये बिहार के 8 जिलों में भिखारी पुनर्वास केन्द्र खोलने का आदेश राज्य सरकार ने जनवरी, 2010 में दिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री भिक्षावृत्ति निवारण योजना तथा समेकित सामाजिक सुरक्षा सुदृढ़ीकरण परियोजना को सफल करने के लिये विभिन्न कोटियों के 104 पद का सृजन भी किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भिक्षावृत्ति निवारण योजना को सुदृढ़ ढंग से लागू करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## पढ़ाई शुरू कराना

*2181. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जे०एन० कॉलेज, मधुबनी में स्नातकोत्तरस्तरीय कला एवं वाणिज्य शिक्षण हेतु आधारभूत संरचनाएँ हैं एवं वहाँ स्नातकोत्तर पढ़ाई प्रारम्भ करने की सभी अर्हताएँ हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त कॉलेज में स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

## नियुक्ति करना

*2182. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में 1,416 प्रारंभिक विद्यालय हैं जिसमें 1,38,032 उर्दू पढ़ने वाले विद्यार्थी नामांकित हैं एवं 35:1 अनुपात में 3,944 उर्दू शिक्षकों की आवश्यकता है जबकि वर्तमान में 1,892 उर्दू शिक्षक ही पदस्थापित हैं तथा 2,052 उर्दू शिक्षकों के पद रिक्त हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में वर्तमान में 2052 के विरुद्ध 529 उर्दू शिक्षकों की बहाली प्रक्रिया चल रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किशनगंज जिला में उर्दू शिक्षकों के सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

## डिग्री कॉलेज खोलना

*2183. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत प्राणपुर प्रखंड में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को 40 कि०मी० दूर कटिहार पढ़ने हेतु जाना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार प्राणपुर प्रखंड में डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है ?

------

## उत्क्रमित करना

*2184. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत प्रखण्ड मीनापुर में मध्य विद्यालय, मझौलिया अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में मध्यविद्यालय को उत्क्रमित कर माध्यमिक विद्यालय में परिणत करने की योजना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मध्य विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय में कबतक उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उपलब्ध कराना

*2185. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जे०एम० उच्च विद्यालय, कमतौल, प्रखंड-जाले, जिला-दरभंगा में 10+2 की पढ़ाई स्वीकृत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 10+2 स्तर की पढ़ाई के लिये उक्त विद्यालय में भवन एवं टेबुल, कुर्सी, बेंच, डेस्क का अभाव है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित विद्यालय में आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

व्यवस्था करना

*2186. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत के० नगर प्रखंड अधीन मजरा कमाख्या स्थान में प्रत्येक साल माघ महीने में प्रसिद्ध ठाढ़ी व्रत मेला का आयोजन किया जाता है जिसमें एक लाख श्रद्धालु भाग लेते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार ठाढ़ी व्रत मेला को राजकीय मेला घोषित करते हुये अन्य समुचित व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*2187. श्री प्रहलाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर (आरा) जिला के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महकमपुर पंचायत खेसरहवाँ, कोईलवर में नियोजित शिक्षक श्री राजेश कुमार सिंह की नियुक्ति की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि चयनित सभी छः शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता का सत्यापन पत्रांक 1678, दिनांक 13 अक्टूबर, 2012 द्वारा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, बुद्धमार्ग से कराई गई थी जिसे बीएसईबीएसएसवाई/डीएस/मीडी 7434/13, दिनांक 13 जनवरी, 2013 द्वारा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), भोजपुर को दी गई ;

(3) क्या यह बात सही है कि सत्यापन के उपरान्त सभी छः शिक्षकों का सही पाया गया एवं पाँच शिक्षक अपने-अपने स्थानों पर योगदान कर लिये, परन्तु श्री राजेश कुमार सिंह उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महकमपुर नियोजित शिक्षक का योगदान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्था०) एवं उप-निदेशक शिक्षा विभाग एवं निदेशक, शिक्षा विभाग के पत्रांक 7 विविध/14-71/2014-20, दिनांक 6 जनवरी, 2016 के द्वारा देने पर भी अभीतक नहीं हुआ है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री राजेश कुमार सिंह का योगदान उक्त उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महकमपुर में कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कार्य कराना

*2188. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित उ०वि०, गलगलिया, चौरीगाछ, कादोगाँव, बाँसगाछी आदि स्थानों पर विद्यालय के भवन निर्माण हेतु बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम द्वारा निविदा के माध्यम से तीन वर्ष पूर्व ही प्रारम्भ किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्य प्रारम्भ होने के तीन वर्षों बाद भी अबतक कार्य का चौथाई भाग भी नहीं बन पाया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त उत्क्रमित उच्च विद्यालयों के भवन निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा प्रदान करना

*2189. श्री जितेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राम सुगारी कन्या उच्च विद्यालय, कमतौल, प्रखंड जाले, जिला दरभंगा अन्तर्गत 10+2 की पढ़ाई स्वीकृत है, परन्तु न तो वहाँ भवन है और न तो बुनियादी सुविधा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कराते हुये बुनियादी सुविधा प्रदान करने का विचार रखती है ?

--------

उपलब्ध कराना

*2190. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, निबंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर विधान-सभा क्षेत्र में निबंधन विभाग का कार्यालय नहीं होने से उस क्षेत्र के निबंधन के कार्यों में काफी परेशानी होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कल्याणपुर विधान-सभा क्षेत्र के कल्याणपुर या कोटवा में निबंधन कार्यालय खोलकर आम लोगों को सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

रद्द नहीं करना

*2191. श्री मनोरंजन सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी, सिधवलिया, गोपालगंज ने पत्रांक 92, दिनांक 2 मार्च, 2009 द्वारा पंचायत कार्यालय, जलालपुर कला के सचिव एवं मुखिया द्वारा दिनांक 28 जनवरी, 2009 को काउंसलिंग कार्य नहीं करने, काउंसलिंग पंजी पर हस्ताक्षर नहीं करने, अधिक मेधा अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को नियोजन से वंचित करने एवं अन्य अनियमितता संबंधित शिकायत पत्र जिला शिक्षा नियोजन अपीलीय प्राधिकार, गोपालगंज को भेजी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला शिक्षक नियोजन अपीलीय प्राधिकार, गोपालगंज द्वारा पत्रांक 2043, दिनांक 30 मई, 2009 द्वारा प्रधान सचिव, शिक्षा विभाग को शिक्षक नियोजन समिति, जलालपुर कला, सिधवलिया का काउंसलिंग रद्द करने हेतु पत्र भेजा गया था, किन्तु प्रधान सचिव द्वारा काउंसलिंग रद्द नहीं की गई ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो काउंसलिंग रद्द नहीं करने का औचित्य क्या है?

--------

निर्माण करना

*2192. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत भगवानपुर, मंसूरचक, बछवाड़ा प्रखंड में खिलाड़ियों हेतु स्टेडियम नहीं रहने के कारण उन्हें काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त प्रखंडों में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## शिथिलता का औचित्य

*2193. श्री नितिन नवीन-- क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिसम्बर, 2015 तक राज्य में 3.10 लाख को डिजिटल साक्षर बनाने का लक्ष्य निर्धारित था, परन्तु अभीतक मात्र 34000 ही साक्षर हो पाये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि डिजिटल साक्षर कार्यक्रम के लिये 142 ट्रेनिंग पार्टनर्स राज्य में बनाये गये थे जिनमें से 70 पार्टनर्स ने एक भी व्यक्ति को डिजिटल साक्षर नहीं किया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो डिजिटल साक्षर कार्यक्रम में शिथिलता का औचित्य क्या है ?

## खोलने का विचार

*2194. श्री फैसल रहमान-- क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत सिकरहना अनुमंडल मुख्यालय में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार ने अनुमंडल मुख्यालय में डिग्री कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिकरहना अनुमंडल मुख्यालय में डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

---

## महिला महाविद्यालय खोलना

*2195. श्री रामसेवक सिंह-- क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ अनुमंडल में एक भी महिला महाविद्यालय नहीं है जिसके कारण छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के उचकागाँव प्रखंड के बलेसरा पंचायत में उक्त महाविद्यालय बनवाने हेतु पर्याप्त सरकारी जमीन उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर एक महिला महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## विकसित करना

*2196. श्रीमती अरुणा देवी-- क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखंड के अपसढ़ ग्राम में गुप्तकालीन राजा आदित्यसेन द्वारा स्थापित विशाल विष्णु प्रतिमा, धार्मिक विद्यालय, एशिया प्रसिद्ध वराह मूर्ति, 300 बिगहे (200 एकड़) का पोखर एवं गढ़ अभी भी विद्यमान है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 में बिहार सरकार द्वारा उक्त स्थलों को सुरक्षित घोषित कर अपसढ़ गढ़ एवं पार्वती पहाड़ी के विकास हेतु एक-एक करोड़ की राशि आवंटित की गयी, जिसका कार्य समाप्ति पर है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक अपसढ़ ग्राम में अवस्थित उक्त सभी स्थलों को मिला कर एक पर्यटन स्थल बनाने एवं इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

वेतन का भुगतान

*2197.श्री अमित कुमार-- क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला में संस्कृत एवं मदरसा शिक्षकों का सितम्बर, 2015 से अद्यतन वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उन शिक्षकों का वेतन का भुगतान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापन करना

*2198. डॉ० मो० जावेद-- क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के पोठिया प्रखंड अन्तर्गत डुबानोची पंचायत में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सोनापुर अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन के लिये एक भी शिक्षक पदस्थापित नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वहाँ पर शिक्षक का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नीलगायों को मारना

*2199. श्रीमती बेबी कुमारी-- क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बोचहा विधान सभा स्थित मुसहरी एवं बोचहा प्रखंड में विगत 5 वर्षों से नीलगायों का अधिक संख्या में होने के कारण कृषकों का फसल उनके द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित प्रखंडों में कबतक नीलगायों को मारने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थानान्तरित करना

*2200. श्री रमेश ऋषिदेव-- क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत सिंहेश्वर प्रखंड के सिंहेश्वर बाजार के पुल के पास 10 वर्षों से बस स्टैण्ड है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बस स्टैण्ड के कारण बाजार में जाम की समस्या बनी रहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बस स्टैण्ड को अन्य स्थान पर कबतक स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*2201. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के गोरेया कोठी, विधान-सभा क्षेत्र के प्रखंड गोरेया कोठी के कर्मी टोला सिसई, गोरेया कोठी पंचायत के महिया टोला, लधी पूर्व टोला यादव, जलपुरवा यादव टोला, हरिहरपुर कर्मी टोला में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय स्वीकृत हैं, लेकिन भूमि उपलब्ध के बाद भी भवन निर्माण का कार्य नहीं हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त खंड (1) में वर्णित विद्यालयों का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*2202. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बेलसंड विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत प्रखंड तरियानी, जिला शिवहर में स्थित श्री गोकुल भगत उच्च विद्यालय, नरवारा एवं तरियानी छपरा उच्च विद्यालय में चहारदीवारी एवं गेट नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से उक्त दोनों विद्यालय परिसर में चहारदीवारी एवं गेट के निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कार्य पूरा करना

*2203. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत अस्थावाँ प्रखंड के मोहम्मदपुर उच्च विद्यालय +2 एवं मापी उच्च विद्यालय +2 के भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2011-12 में प्रारंभ किया गया है जो आजतक अधूरा पड़ा हुआ है जिससे वहाँ पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त +2 विद्यालयों के भवन का निर्माण कार्य पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कार्य कराना

*2204. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत प्राणपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय बरसोल में कन्या छात्रावास निर्माण की स्वीकृति एवं निर्माण हेतु एक करोड़ पैंतीस लाख रुपया वर्ष 2013 में ही दी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद अभीतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार निर्माण कार्य कबतक प्रारंभ कराने का विचार रखती है ?

## स्टेडियम का निर्माण

*2205. श्री आनन्द शंकर सिंह—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत देव प्रखंड के बिशुनपुर में कोई भी स्टेडियम नहीं है, जिससे मेधावी छात्रों को अपना कौशल दिखाने का मौका नहीं मिलता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार बिशुनपुर में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## मान्यता प्रदान करना

*2206. श्री वीरेन्द्र कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघड़ा प्रखंड के मकदौल में इंदिरा ज्योति उच्च विद्यालय स्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उच्च विद्यालय को स्थायी मान्यता प्राप्त नहीं होने के कारण मैट्रिक का फार्म दूसरे उच्च विद्यालय से भराया जाता है एवं इस विद्यालय का स्थायी मान्यता प्राप्त करने हेतु 6 माह पूर्व बिहार जिला शिक्षा कार्यालय बेगूसराय द्वारा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को तत्संबंधी प्रपत्र भेजा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को स्थायी मान्यता प्रदान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## चालू कराना

'ग' *2207. मो० आफाक आलम—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के हाजीनगर गढ़बनैली में कोसी विकलांग कल्याण संस्थान वर्ष 1987 में स्थापित की गयी है, जिसमें समस्त श्रेणी के विकलांगों की शिक्षा एवं पुनर्वास संबंधी योजनाएँ चलायी जाती हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त संस्थान का विद्यालय एवं छात्रावास पक्का निर्मित है एवं संस्थान नेत्रहीन एवं मूक बधिर छात्रों को सामान्य शिक्षा प्रदान कराता था लेकिन सरकार से वित्तीय सहायता नहीं मिलने के कारण 7 वर्षों से बंद है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित संस्थान को वित्तीय सहायता देकर पुनः चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट-'ग'-शिक्षा विभाग के ज्ञापांक 116, दिनांक 17 मार्च, 2016 द्वारा समाज कल्याण विभाग में स्थानांतरित।

नियुक्ति करना

*2208. श्री मिथिलेश तिवारी—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा खुला विश्वविद्यालय में विगत 12 वर्षों से कुल सचिव प्रशासन का पद रिक्त है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विश्वविद्यालय में कुल सचिव प्रशासन की नियुक्ति करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

निर्माण करवाना

*2209. श्री राम विलास पासवान—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती एवं कहलगाँव प्रखण्ड में एक भी सरकारी पौधशाला नहीं है, जिससे आम नागरिकों को पौधारोपण हेतु 35 कि०मी० की दूरी तयकर भागलपुर से पेड़ लाना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पीरपैंती एवं कहलगाँव में सरकारी पौधशाला का निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

पठन-पाठन शुरू नहीं होना

*2210. श्री राज किशोर सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत वैशाली प्रखंड में स्थित श्री महावीर तीर्थंकर उच्च विद्यालय को 10+2 में उत्क्रमित एक वर्ष पूर्व किया गया है, यदि हाँ, तो उत्क्रमित होने के बाद भी 10+2 में नामांकन एवं पठन-पाठन शुरू नहीं होने का क्या औचित्य है ?

------

पूर्ण कराना

*2211. श्री सदानन्द सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव प्रखंड अन्तर्गत मध्य विद्यालय, प्रससडीह का नया भवन प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा पिछले 4 वर्षों से बनवाया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उस नये विद्यालय भवन को 2014-15 में ही पूर्ण हो जाना चाहिये था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त विद्यालय भवन को ससमय पूर्ण नहीं कराने वाले दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुये उक्त विद्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण पूरा करना

*2212. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के उचकागाँव प्रखण्ड के बलेसरा पंचायत में वर्ष 2014-15 में स्टेडियम निर्माण हेतु शिलान्यास किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्टेडियम का निर्माण कार्य अभी अधूरा पड़ा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्टेडियम के निर्माण को पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

आरम्भ करना

*2213. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत शाहकुंड प्रखंड के खुलनी पंचायत में अवस्थित जय प्रकाश म०वि० पुराने निजी भवन में चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्य पथ के किनारे उपर्युक्त विद्यालय का नया सुसज्जित दो मंजिला भवन सरकारी खर्च पर बनकर तैयार है ;

(3) क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग के पत्रांक 11/ए स्थापना 1-2/2014-339 द्वारा जय प्रकाश म०वि० का उत्क्रमण आदेश स्थगित कर दिया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्थगन-आदेश को वापस लेते हुये नवनिर्मित भवन में पठन-पाठन कार्य आरम्भ करने का विचार रखती है ?

-------

स्थापना करना

*2214. श्री राम विशुन सिंह--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत एक भी महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज नहीं है, जिससे मेधावी छात्राओं को अन्यत्र नामांकन कराने हेतु जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के जगदीशपुर प्रखंड के हरिगाँव पंचायत में हरिगाँव ग्राम में सर शिव सागर राम गुलाम के नाम से उच्च विद्यालय के बगल में पाँच एकड़ से अधिक सरकारी जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार हरिगाँव ग्राम में उपलब्ध पाँच एकड़ सरकारी जमीन पर महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

स्टेडियम का निर्माण

*2215. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारुण प्रखण्ड में स्टेडियम नहीं होने के कारण उक्त क्षेत्र के छात्र-छात्राओं एवं युवाओं के प्रतिभा का विकास नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार बारुण प्रखण्ड में कबतक स्टेडियम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नीलामी कराना

*2216. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेतिया जिला के प्रखंड रामनगर के गोवर्धना एवं गौनाहा के मुंगराहा वन प्रक्षेत्रीय रेंज है, जहाँ वर्ष 2015 से जब्त किया हुआ भारी मात्रा में लकड़ी खराब हो रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपर्युक्त लकड़ी को स्थानीय स्तर पर नीलामी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*2217. श्री सुभाष सिंह—दिनांक 9 दिसम्बर, 2015 को प्रकाशित समाचार शीर्षक ''कॉलेज की सीढ़ी टूटी, बाल-बाल बचे मजदूर'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत उचकागाँव प्रखंड के उत्क्रमित +2 विद्यालय, लाखो रामदास के भवन का निर्माण 2.37 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है, परन्तु प्राक्कलन की विशिष्टियों के अनुरूप काम नहीं कराये जाने के कारण सीढ़ी टूट गयी ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा तत्काल जिलाधिकारी, गोपालगंज एवं प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि०, पटना को दूरभाष पर तथा लिखित रूप से घटिया कार्य पर रोक लगाकर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का अनुरोध किया गया परन्तु कार्य की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं किया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त कार्य की जाँच कराकर गुणवत्तापूर्ण भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---

निर्माण कराना

*2218. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत मधुबनी एवं भितहाँ प्रखंड अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड में अनुसूचित जाति का कोई छात्रावास नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में अनुसूचित जाति छात्रावास का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

वंचित रखना

*2219. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बरारी विधान-सभा क्षेत्र के सभी मदरसा स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को मध्याह्न भोजन के अलावे अन्य सरकारी योजना यथा छात्रवृत्ति, साइकिल योजना एवं पोशाक राशि आदि सुविधा से वंचित रखा गया है, यदि हाँ, तो मदरसा स्कूलों के बच्चों को उक्त योजना से वंचित रखने का क्या औचित्य है ?

### निर्माण कराना

*2220. श्री फैसल रहमान--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत घोड़ासहन प्रखंड के ईर्द-गिर्द कहीं भी स्टेडियम नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि घोड़ासहन हाई स्कूल के मैदान में स्टेडियम का निर्माण होने से जनता की चिर-प्रतीक्षित मांग पूरी हो जायगी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार घोड़ासहन हाई स्कूल के मैदान में स्टेडियम का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक ?

---------

### प्रतिनियुक्ति करना

*2221. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सरयू देवी मोहनलाल बालिका उच्च विद्यालय, सिरजान, भागलपुर में हिन्दी, कम्प्यूटर, भौतिकी एवं संगीत के शिक्षक विगत 2 वर्षों से नहीं होने के कारण पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में उक्त विषयों के शिक्षकों की कबतक प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है; नहीं, तो क्यों ?

---------

### उत्क्रमित करना

*2222. श्री राम विशुन सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखंड के बीमवां पंचायत में बीमवां बेसिक स्कूल वर्षों से संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत में कोई भी उच्च विद्यालय एवं इंटर कॉलेज नहीं है, जिसके कारण उक्त पंचायत के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बीमवां बेसिक स्कूल को उच्च/उच्चतर में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना:
दिनांक 29 मार्च, 2016 (ई०) ।

राजीव कुमार,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 195-डी०टी०पी०-500